चैत्र माह, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 85, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 19 अप्रैल 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**फिर मास्क अनिवार्यः 24 घंटे में कोरोना के मामले 90% बढ़े, यूपी के 7 जिलों में मास्क लगाना जरूरी हुआ, लखनऊ, नोएडा समेत जिलों में पहनना जरूरी**

## फिर रफ्तार पकड़ रहा कोरोना

**नई दिल्ली/लखनऊः** देश में एक बार फिर से कोरोना के मामले बढ़ने लगे हैं। देश में कोरोना के 2,183 केस दर्ज हुए। यह शनिवार के मुकाबले 89.8% की बढ़ोतरी है। शनिवार को 1,150 केस मिले थे। कोरोना से मरने वालों का आंकड़ा भी बढ़ गया है। 214 लोगों की मौत रिकॉर्ड की गईं। इसमें 212 मौतें केरल के बैकलॉग डेटा की हैं, जबकि 1 मौत उत्तर प्रदेश में दर्ज की गई। कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए यूपी ने लखनऊ, गाजियाबाद समेत 7 जिलों में सार्वजनिक स्थानों पर फेस मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया है।





**11 हफ्तों की गिरावट के बाद फिर बढ़ रहे मामलेः** जनवरी में आई तीसरी लहर के बाद लगातार 11 हफ्तों से मामलों में गिरावट हो रही थी, लेकिन बीते 7 दिनों (11 से 17 अप्रैल) में कोरोना मामलों में 35% का इजाफा हुआ है। हालांकि यह बढ़ोतरी सिर्फ दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में दर्ज की जा रही है।

खत्म हुए हफ्ते में देश में करीब 6,610 कोरोना केस दर्ज हुए। इससे पिछले हफ्ते में देश में 4,900 केस मिले थे। कोरोना से होने वाली मौतों में लगातार कमी दर्ज की जा रही है। पिछले हफ्ते सिर्फ 27 लोगों की कोरोना संक्रमण से जान गई। यह 23 से 29 मार्च, 2020 के हफ्ते के बाद किसी हफ्ते में सबसे कम मौतें हैं। इससे पिछले हफ्ते 54 मौतें दर्ज की गई थीं।

**तीन राज्यों में बढ़ रहे केसः** दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में बीते 7 दिनों में मामलों में तेज बढ़ोतरी हुई है। पिछले हफ्ते दिल्ली में अब तक के सबसे ज्यादा 2,307 केस मिले। उसके पिछले हफ्ते में दिल्ली में 943 केस मिले थे। यानी एक हफ्ते में दिल्ली में मामलों में 145% बढ़ोतरी हुई है। इस हफ्ते देश के कुल कोरोना केस में दिल्ली की हिस्सेदारी एक-चौथाई रही। दिल्ली के स्कूलों में कोरोना मामलों के चलते स्कूलों में भी कुछ दिन की छुट्टी की गई।

हरियाणा में एक हफ्ते में केस 514 से 118% बढ़कर 1,119 हो गए। उत्तर प्रदेश में बीते हफ्ते 540 केस मिले थे, जो उसके पिछले हफ्ते के मुकाबले 141% ज्यादा थे। 3 अप्रैल से 9 अप्रैल वाले हफ्ते में उत्तर प्रदेश में 224 केस सामने आए थे। दोनों ही राज्यों में ज्यादातर नए मामले दिल्ली से सटे एनसीआर शहरों में मिले, जैसे- नोएडा, गुड़गांव और गाजियाबाद।

**गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर सहित 7 जिलों में मास्क पहनना जरूरी, सरकार ने जारी किया आदेशः** इस बीच उत्तर प्रदेश सरकार ने 7 जिलों में सार्वजनिक स्थानों पर फेस मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया है।

## दिल्ली के अलावा मुंबई भी अलर्ट

**1 अप्रैल** को देश में आए नए संक्रमण के कुल मामलों में दिल्ली-एनसीआर की हिस्सेदारी 11.8 फीसदी थी जो 16 अप्रैल को बढ़कर 52.5 प्रतिशत हो गई है। इसे देखते हुए हालात कभी भी नियंत्रण से बाहर हो सकते हैं। इसी को ध्यान में रखते दिल्ली के साथ महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई को भी अलर्ट पर रखा गया है। स्थानीय प्रशासन ने सभी जांच केंद्रों को फिर से खोल दिया हैं और निःशुल्क जांच शुरू कर दी है।

**सर्दी-जुकाम होने पर आरटी-पीसीआर टेस्ट जरूरीः** सभी चिकित्सकों को निर्देश भी दिया गया है कि,सर्दी-जुकाम वाले सभी मरीजों को आरटी-पीसीआर जांच कराने के लिए भेजा जाए। वहीं सरकार ने सभी प्राइवेट और सरकारी अस्पतालों को 48 घंटे के नोटिस पर पूर्ण क्षमता के साथ कोविड-19 वार्ड बनाने के लिए तैयार रहने का भी आदेश दिया है। मुंबई में फिलहाल दिल्ली से आने वाले यात्रियों के स्वास्थ्य की जांच नहीं हो रही है, हालांकि मुंबई में नमूनों का जीन सर्वेक्षण जरूर किया जा रहा है।

**कोविड प्रतिबंधों में ढील पड़ी भारी?**

अब तक कुल मिलाकर देश में कोरोना से 5,21,965 लोगों की मौत हो चुकी है। भारत में कोविड के कुल मामलों की संख्या अब 4.30 करोड़ हो गई है। मंत्रालय के अनुसार दैनिक सकारात्मकता दर 0.83 प्रतिशत और साप्ताहिक सकारात्मकता दर 0.32 प्रतिशत दर्ज की गई। पूरे देश में कोरोना वायरस के 1,150 मामले सामने आए थे और देश भर से चार मौतों की सूचना मिली थी। दिल्ली में कोरोना के 517 मामले दर्ज किए गए हैं। एक दिन पहले शहर में कोरोना के 461 नए मरीज सामने आए थे। केरल में सबसे अधिक मामले 940 केस दर्ज किए गए।

**जहांगीर पुरी हिंसाः उपद्रवियों के निशाने पर जांच टीम**

## महिला को हिरासत में लेने पर लोगों ने की पथराबाजी





**नई दिल्लीः** दिल्ली के जहांगीर पुरी इलाके में सोमवार दोपहर एक बार फिर पथराव की घटना सामने आई। इस बार पुलिस कार्रवाई के विरोध में लोगों ने पथराव किया। हालांकि, इलाके में भारी संख्या में मौजूद पुलिस बल ने लोगों को काबू किया और पथराव के बावजूद भी पुलिस टीम एक महिला को पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई, जिसके पति सोनू पर गोली चलाने का आरोप है। दरअसल वह एक वीडियो में गोली चलाते हुए दिखाई दे रहा है। सोनू घटना के बाद से ही फरार है। लिहाजा पुलिस टीम उसकी पत्नी को पूछताछ के लिए अपने साथ ले जाने के लिए उसके घर पहुंची थी। लेकिन सी ब्लॉक निवासी सोनू की पत्नी व उसके कुछ करीबी लोगों ने इसका विरोध किया फिर पुलिस पर पथराव करने की कोशिश भी की। आरोपी सोनू फिलहाल फरार है, वह जहांगीरपुरी के सी ब्लॉक में रहता है। पुलिस उसकी तलाश में उसके करीबी नेटवर्क के लोगों से पूछताछ कर उसके संभावित ठिकानों के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है।

**मस्जिद पर झंडा लहराने की बात में तथ्य नहींः पुलिस आयुक्त**

**नई दिल्लीः** दिल्ली पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना ने सोमवार को कहा कि जहांगीर पुरी में हुई सांप्रदायिक हिंसा किसी छोटे-मोटे वाद-विवाद से शुरू हुई थी। मस्जिद पर झंडा लगाने संबंधित एक पक्ष के दावे में कोई तथ्य नहीं है। दिल्ली पुलिस आयुक्त ने हुनमान जयंती पर जहांगीर पुरी में भड़की सांप्रदायिक हिंसा मामले में प्रेसवार्ता में कहा कि पुलिस मामले के हर पहलू की जांच कर रही है। इस हिंसा में प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से शामिल सभी लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। अस्थाना ने कहा कि मामले में दोनों पक्षों के लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस जाति, धर्म, संप्रदाय और संबंध के आधार पर कोई भेदभाव नहीं करेगी। घटना में संलिप्त सभी को गिरफ्तार किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि मामले में अब तक दोनों पक्षों के 23 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## कांग्रेस शासनकाल में हुए सर्वाधिक दंगेः भाजपा

**नई दिल्लीः** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति अब जनता को स्वीकार नही है। कांग्रेस यह भूल जाती है कि सबसे ज्यादा दंगे उसी के शासनकाल में हुए हैं। भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में प्रवक्ता गौरव भाटिया ने हाल ही में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के नेतृत्व में 13 विपक्षी दलों की ओर से देशवासियों से की गई।

## वोट बैंक की राजनीति छोड़, विकास की राजनीति करें विपक्षी दलः नड्डा

**नई दिल्लीः** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को विपक्षी दलों से अपील की कि वे वोट बैंक की राजनीति छोड़ विकास की राजनीति की राह अख्तियार करें। उन्होंने कहा कि देश के युवा अवसर चाहते हैं, बाधा नहीं। वे विकास चाहते हैं, विभाजन नहीं। नड्डा ने कहा कि जब सभी धर्मों, सभी आयु समूहों के साथ-साथ जीवन के सभी क्षेत्रों के लोग गरीबी को हराने और भारत को प्रगति की नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए एक साथ आए हैं, तो



वे विपक्ष से ट्रैक बदलने और विकास की राजनीति को अपनाने का आग्रह करेंगे। विपक्ष की लोगों से सामूहिक अपील के दो दिन बाद भाजपा अध्यक्ष ने देशवासियों के नाम एक एक संदेश में कहा कि भारत विकास यात्रा के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा यह एक ऐसा समय है जब हम आजादी का अमृत महोत्सव यानी कि आजादी का 75वाँ साल मना रहे हैं।

यह आगे बढ़ने का अवसर है, साथ ही हमें इस योजना पर भी काम करना और सोचना होगा कि 2047 में स्वतंत्रता के सौ वर्ष पूरे करें, तो हमारा राष्ट्र कैसा हो। देशवासियों के नाम लिखे पत्र में नड्डा ने कहा कि यह समय ऐसा है जब दुनिया की निगाह भारत पर टिकी है।

## सुप्रीम कोर्ट ने आजम खान को दी राहत

### विश्वविद्यालय की मीन सरकार को नहीं लौटानी होगी

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान से जुड़े मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट को राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने विश्वविद्यालय बनवाने के लिए अधिगृहीत जमीन सरकार को लौटाने के इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है। इस मामले पर अगली सुनवाई अगस्त में होगी। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 12.5 एकड़ छोड़ कर बाकी साढ़े चार सौ एकड़ से ज्यादा जमीन पर सरकार के नियंत्रण का आदेश दिया था। हाई कोर्ट ने यूपी सरकार के आदेश पर मुहर लगाते



हुए ये आदेश जारी किया था। हाई कोर्ट ने कहा था कि अनुसूचित जाति की जमीन बिना डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट की अनुमति के अवैध रूप से ली गई। इसके अलावा अधिग्रहण शर्तों का उल्लंघन कर शैक्षिक कार्य के निर्माण की बजाय मस्जिद का निर्माण कराया गया।

## लखीमपुरः सुप्रीम कोर्ट ने रद्द की आशीष मिश्रा की जमानत



**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने लखीमपुर खीरी मामले के आरोपित आशीष मिश्रा की जमानत रद्द कर दी है। चीफ जस्टिस एनवी रमना की अध्यक्षता वाली बेंच ने आशीष मिश्रा को एक हफ्ते में सरेंडर करने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पीड़ित पक्ष को नहीं सुना और जल्दबाजी में जमानत दे दी। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट को दोबारा मामले की सुनवाई करने का आदेश दिया। 4 अप्रैल को कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान यूपी सरकार के वकील महेश जेठमलानी ने कहा था कि हमने हर गवाह को सुरक्षा दी है। 20 मार्च को एक-एक गवाह से व्यक्तिगत रूप से पता किया कि क्या उन्हें कोई खतरा महसूस हो रहा है, सबने मना किया। जेठमलानी ने कहा था कि हमने जो हाईकोर्ट में कहा, वही हमारा रुख है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील दुष्यंत दवे ने कहा था कि साफ बताया गया था कि आशीष मिश्रा ने लोगों पर गाड़ी चढ़ाई। लेकिन हाईकोर्ट ने जमानत देते हुए कह दिया कि गोली चलने के सबूत नहीं हैं। दवे ने कहा था कि मंत्री अजय मिश्रा धमकी दे रहे थे। उपमुख्यमंत्री का यात्रा मार्ग बदलने के बावजूद आरोपित उस रास्ते पर गया जिस पर किसान थे। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने पूछा था कि हाईकोर्ट पोस्टमार्टम जैसी बातों पर क्यों गया। यह जमानत का मामला है। केस के मेरिट पर इतनी लंबी चर्चा की जरूरत नहीं थी। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा था कि क्या जमानत से पहले पीड़ितों को सुना गया। तब दवे ने कहा कि नहीं। भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के मामले में आसानी से जमानत हो गई। आशीष मिश्रा के वकील रंजीत कुमार ने कहा कि पुलिस को किसानों की तरफ से दी गई रिपोर्ट में ही कहा गया है ।

## मैरियूपोल के बाद रूस के निशाने पर लवीव



**कीवः** यूक्रेन पर रूस के हमले को 54 दिन हो गए हैं। रूस की सेना लगातार हमले कर रही है और यूक्रेन की सेना बचाव की हर संभव कोशिश में जुटी है। प्रमुख शहर मैरियूपोल पर कब्जे का दावा करने के बाद रूसी सेना ने एक अन्य यूक्रेनी शहर लवीव को निशाना बनाया है। वहां लगातार धमाके किये जा रहे हैं। रूसी सेना ने यूक्रेन पर हमले के 53वें दिन यानी रविवार को मैरियूपोल पर कब्जे का दावा किया था। हालांकि यूक्रेनी सेना ने रूसी सैनिकों से लगातार मोर्चा लेने और उनका कब्जा न होने देने की बात कही थी। अब क्रीमिया के एक मानव अधिकार समूह ने आरोप लगाया है कि रूस के सैनिक मैरियूपोल से 150 बच्चों को जबरन उठा ले गए हैं। कहा गया है कि ये बच्चे अनाथ नहीं थे, फिर भी इन्हें अस्पतालों से ले जाया गया है। दावा किया गया है कि रूसी सैनिक बच्चों को किसी अज्ञात स्थान पर ले गए हैं और वहां उनका शोषण हो सकता है। इस बीच मैरियूपोल के बाद रूस की सेना ने अब यूक्रेन के शहर लवीव को निशाना बनाया है।

## बुलडोजर एक्शन के विरोध में सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

**नई दिल्लीः** देश के कई राज्यों में बुलडोजर एक्शन के विरोध में जमीयत-उलेमा-ए-हिंद ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। याचिका में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और गुजरात में हो रही कार्रवाई को अवैध बताया गया है। सभी राज्यों को इसे रोकने का निर्देश देने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि राज्य सरकारें बिना किसी कानूनी प्रक्रिया का पालन किए ही आरोपितों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई कर रही हैं। आपराधिक कानून में इस तरह का



दंड दिए जाने का कहीं कोई प्रावधान नहीं है। ऐसा करना कानून का उल्लंघन है। याचिका में कहा गया है कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री और गृहमंत्री समेत कई विधायकों और मंत्रियों ने आरोपितों के खिलाफ आपराधिक जवाबदेही संबंधी बयान दिया जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय को उनका घर तोड़ने की धमकी दी गई । याचिका में मांग की गई है कि कोर्ट की ओर से अपराधी करार दिए बिना ही राज्य सरकारों के मंत्रियों और पुलिस अधिकारियों की ओर से आरोपियों के खिलाफ आपराधिक जवाबदेही तय करने संबंधी सार्वजनिक बयान देने पर रोक लगाने की मांग की गई है।

## चीन लद्दाख से अरुणाचल तक घुसपैठ की ताक में

**नई दिल्लीः** चीन की सेना (पीएलए) लद्दाख से अरुणाचल तक वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के साथ कई संवेदनशील स्थानों पर नए सिरे से घुसपैठ की योजना बना रही है। इन्हीं स्थानों पर अतीत में भी चीन के सैनिक घुसपैठ की कोशिश कर चुके हैं। ताजा खुफिया सूचना मिलने के बाद भारतीय सेना और आईटीबीपी को अलर्ट कर दिया गया है। इसी तरह चीन ने विवादित क्षेत्र हॉट स्प्रिंग्स में चार नए मोबाइल टॉवर लगाए हैं और एलएसी के करीब उपग्रह संचार प्रणाली का परीक्षण कर रहा है।



खुफिया इनपुट से पता चलता है कि चीन की सेना लद्दाख से अरुणाचल तक वास्तविक नियंत्रण रेखा के साथ कई 'संवेदनशील' स्थानों पर नए सिरे से घुसपैठ की योजना बना रही है। सेना को अपनी परिचालन और बुनियादी ढांचा क्षमताओं को बढ़ाने के साथ ही इन संवेदनशील क्षेत्रों में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए कहा गया है। अग्रिम इलाकों में तैनात जवानों को एलएसी पर चीनी सेना की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। मौजूदा समय में एलएसी के साथ दोनों सेनाओं के 14 हजार फीट और उससे अधिक ऊंचाई पर लगभग 50 से 60 हजार सैनिक तैनात हैं। भारत और चीन के बीच अब तक 15 दौर की सैन्य वार्ता हो चुकी हैं लेकिन पीएलए ने हॉट स्प्रिंग्स और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण देप्सांग मैदान से पीछे हटने को तैयार नहीं है। हालांकि, चीन आंशिक रूप से गलवान घाटी, गोगरा और पैन्गोंग झील के दोनों किनारों से पीछे हट गया है। अचिह्नित एलएसी को लेकर भारत और चीन की धारणाएं भिन्न हैं, इसीलिए दोनों सेनाएं अक्सर एक दूसरे पर घुसपैठ का आरोप लगाती हैं। दोनों देश मई, 2020 से लद्दाख में कई बिंदुओं पर सीमा गतिरोध में बंद हैं। एक सरकारी रिपोर्ट के मुताबिक चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने भारत के दावे वाले क्षेत्र के करीब 1,000 वर्ग किलोमीटर पर कब्जा कर लिया है। इस साल जनवरी में भारतीय सेना के प्रमुख जनरल एमएम नरवणे ने कहा था कि चीन की सीमा पर खतरे का स्तर कम नहीं हुआ है।

## शांति के लिए दुनिया की निगाहें भारत पर टिकीं: सीएम

**नई दिल्लीः** बहुभाषी न्यूज एजेंसी 'हिन्दुस्थान समाचार' के 'अमृत-पर्व प्रवेश समारंभ-2022' का सोमवार को आगाज हो गया। 'अमृत-पर्व प्रवेश समारंभ-2022' के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विश्व की वर्तमान स्थिति और यूक्रेन-रूस युद्ध के बीच दुनिया की निगाहें शांति की अपेक्षा के साथ भारत पर टिकी हुई हैं। भारत ने कोविड काल में प्रबंधन के क्षेत्र में दुनियाभर में अपना लोहा मनवाया है। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि लोकतंत्र में सेवाभाव से कार्य करते हुए 'हिन्दुस्थान समाचार' ने अपने 74



वर्ष पूरे कर लिए हैं। वह अब अपने अमृत काल में प्रवेश कर रही है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में भी न्यूज एजेंसी भविष्य की चुनौतियों का सामना करते हुए लोगों तक गुणवत्तापूर्ण समाचार पहुंचाती रहेगी। मुख्यमंत्री ने 'हिन्दुस्थान समाचार' के संक्षिप्त इतिहास और भारतीयता को समर्पित उसके कार्यों की प्रशंसा की।

# जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चाका में स्वास्थ्य मेले का किया शुभारम्भ

## स्वास्थ्य मेले में विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का जिलाधिकारी ने किया अवलोकन

अखंड भारत संदेश



ब्लाक स्तरीय स्वास्थ्य मेले मंचासीन जिलाधिकारी व अन्य अधिकारी

**प्रयागराज।** आजादी के अमृत महोत्स कार्यक्रम के अन्तर्गत 18 से 23 अप्रैल के मध्य आयोजित होने वाले ब्लाक स्तरीय स्वास्थ्य मेले का सोमवार को जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चाका में फीता काटकर शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर स्वास्थ्य मेले में विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन भी किया। स्वास्थ्य मेले में स्वास्थ्य से सम्बंधित विभिन्न प्रकार की सुविधाएं एक ही जगह पर उपलब्ध करायी गयी है। स्वास्थ्य मेले में निःशुल्क जांच एवं दवाईयां, टेली-कंसल्टेशन, मुंह के कैंसर, मोतियाबिंद जांच, योग और ध्यान, मधुमेंह, उच्च रक्त चाप, एबीएचए(स्वास्थ्य आईडी), आयुष्मान भारत कार्ड सहित अन्य स्वास्थ्य योजनाओं से आमजन को लाभान्वित कराया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य मेले में आए हुए लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज मार्त मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर पूरे भारत भारत में उ0प्र0 में सबसे कम है, इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं। हमें ऐसे ही मिलकर स्वास्थ्य सेवाओं को और अच्छा बनाना है। हमें मिलकर यह प्रयास करना होगा कि स्वास्थ्य सेवा सबको आसानी से मिले। आज आप सबके प्रयास से खुले में शौच बन्द होने से बीमारियां भी कम हुई है। यह आपके और हम सबके सामूहिक प्रयास से ही सफल हो पाया है। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों और आंगनबाड़ी कार्यकत्रीओं से कहा कि गर्भवती महिलाओं का सुरक्षित प्रसव कराना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। गर्भवती महिलाओं को पोषण के सम्बंध में जिसके तहत वे क्या खायें और क्या न खायें, इसके लिए उन्हें जागरूक करना चाहिए। इसी प्रकार अन्य बीमारियों जैसे डायबिटिज, बी0पी0, कुपोषण आदि बीमारियों के बचाव के प्रति जागरूक करने और इस तरह के आयोजन के माध्यम से सभी लोगो को जागरूक करें। इस अवसर पर युवा कल्याण विभाग द्वारा खेल प्रोत्साहन सामाग्री का वितरण जिलाधिकारी महोदय द्वारा युवक मंगल दल, महिला मण्डल दल के चार सदस्यों को दिया गया। स्वास्थ्य मेले का उद्देश्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से सम्बंधित विभिन्न सेवायें जैसे मातृ शिशु कल्याण, टीकाकरण, परिवार नियोजन, संचारी एवं गैर संचारी रोगों से सम्बंधित सेवायें प्रदान करना एवं प्रचार-प्रसार, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत, जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाना, डिजीटल स्वास्थ्य आई कार्ड बनाने की सुविधा प्रदान करना, रोगो की शीघ्र पहचान हेतु परीक्षण, औषधि एवं जांच की सुविधा के साथ आवश्यकतानुसार सम्बंधित विशेषज्ञ से टेली कंसलटेंसी प्रदान करना, सम्बंधित विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में लोगो को जागरूक करना है। आयोजित होने वाले स्वास्थ्य मेले में स्वास्थ्य विभाग के अलावा, फूड सेफ्टी विभाग, युवा कार्यक्रम एवं खेल विभाग, आयुष विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, ग्रामीण एवं शहरी विकास विभाग, दिव्यांग कल्याण विभाग सहित अन्य विभागों के कार्य एवं दायित्व निर्धारित किए गए है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी नानक सरन एवं मा0 जनप्रतिनिधिगणों के अलावा सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मऊआइमा में स्वास्थ्य मेले का आयोजन आज

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** मऊआइमा समुदायिकता स्वास्थ्य केंद्र मे स्वास्थ्य मेला का आयोजन आज किया गया है। इस मेले में स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न गतिविधियां होंगी ' स्वास्थ्य मेले में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की ओर से चलाई जा रही योजनाओ व कार्यक्रमों के प्रति लोगों की जागरूकता बढ़ाई जाएगी।

मऊआइमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर स्वास्थ्य मेले का आयोजन 19 अप्रैल को किया गया है।जिसमें सामान्य चिकित्सा मातृ स्वास्थ्य बाल स्वास्थ्य टीकाकरण परिवार नियोजन परामर्श मोतियाबिंद की जांच एवं आंख की जांच की सुविधा मिलेगी इसके अलावा आयोजन में दंत चिकित्सा जांच त्वचा की जांच पोषण के लिए परामर्श एड्स नियंत्रण के लिए परामर्श कुष्ठ नियंत्रण टीवी नियंत्रण मलेरिया फाइलेरिया की जांच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। मेला संचालक डॉ वैभव त्रिपाठी ने बताया कि सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करने और उससे लाभान्वित करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर जन आरोग्य योजना मात्र मातृ शिशु एवं स्वास्थ्य कार्यक्रम संचारी एवं गैर संचारी रोगों की रोकथाम व स्वास्थ्य मेले को सफल बनाने हेतु ब्लॉक स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जिसमें खंड विकास अधिकारी मऊआइमा, चिकित्सा अधीक्षक मऊआइमा खंड शिक्षा अधिकारी मऊआइमा बाल पोषाहार अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी आदि लोग सम्मिलित हैं ।मेले में डॉक्टर जी प्रसाद नेत्र शल्यक डॉक्टर प्रतीक मिश्रा दंत चिकित्सक, डॉक्टर हंसिक श्रीवास्तव बाल रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर विद्यासागर सर्जन, डॉक्टर गुंजा अरोरा, डॉ प्रीति तिवारी महिला रोग विशेषज्ञ, उपलब्ध रहेंगे मेले की तैयारी में सुनील कुमार सरोज स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, लवलेश सिंह फार्मासिस्ट, अशोक सिंह , रहबर अली एवं आर बी एस के टीम मौजूद रहेगी।

## अनियात्रित ट्रक की टक्कर से कार पलटी

अखंड भारत संदेश



**झूंसी।** वाराणसी प्रयागराज मार्ग पर एक अनियात्रित ट्रक आगे चल रही कार में टक्कर मार दी टक्कर की वजह से कार पलट गई। वहा मौजूद लोगो ने कार में फसे दंपति को कड़ी मसक्कत के बाद बाहर निकाला। हादहे की वजह से मौके पर अफरातफरी का माहौल उत्पन्न हो गया था। रविवार की रात लालगोपालगंज निवासी संदीप केशवानी अपनी पत्नी गीता के साथ कार से कीडगंज के लिए निकले थे। मरम्त के चलते फाफामऊ पुल बंद था तो संदीप झूंसी के रास्ते किडगंज जा रहे थे। अंदावा फ्लाईओवर पर पीछे से आ रही एक ट्रक कार में टक्कर मार दी टक्कर की वजह से कार सड़क किनारे पलट गई। कार पलटते ही मौके पर मौजूद लोग भागकर पहुंचे और कार में फसे संदीप व उनकी पत्नी गीता को बाहर निकाला गलीमत रही कि किसी को खरोच भी नहीं आई। वही ट्रक चालक मौके पर ट्रक छोड़कर फरार हो गया।

## अप्पे की टक्कर से बाइक सवार दंपत्ति घायल

**सहसों।** थाना सराय इनायत के पुलिस चौकी सहसों क्षेत्र के प्रयागराज गोरखपुर मार्ग पर राम जानकी मंदिर के सामने सोमवार को अपराह्न लगभग साढ़े 11 बजे थरवई थाना क्षेत्र के मीरापुर गांव ससुराल से अपने घर जा रहे बाइक सवार दंपत्ति की अप्पे सवारी वाहन से टक्कर हो जाने पर गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार हेतु स्थानीय निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। सूचना पाकर पहुंची सहसों पुलिस ने अप्पे गाड़ी को चालक समेत पुलिस चौकी लेकर चले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना मऊआइमा के छाते मऊ गांव निवासी संतोष कुमार वर्मा ने अपनी पत्नी मीरा वर्मा के साथ अपनी ससुराल मीरापुर गांव में राजेंद्र वर्मा के यहां किसी काम को लेकर आए थे। वहां से अपने घर वापस जा रहे थे। जैसी ही बाइक सवार दंपति सहसों राम जानकी मंदिर के सामने से सड़क पार कर रहे थे इतने में प्रयागराज की तरफ से तेज गति से आ रही है अप्पे वाहन ने टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार दंपति गिरकर घायल हो गए दोनों को काफी चोटें आई। स्थानीय लोगों ने अप्पे को चालक समेत पकड़ लिए और दोनों घायल दंपत्ति को पकड़ कर छाए में लेटा दिए। सूचना पाकर ससुराली जन मौके पर पहुंच कर उपचार हेतु घायल दंपत्ति को सहसों बाजार के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराए। सूचना पर सहसों पुलिस मौके पर पहुंच स्थिति का जायजा लेते हुए अप्पे वाहन को चालक समेत पकड़ कर पूछताछ के लिए पुलिस चौकी सहसों ले गई। घायल दंपत्ति की स्थिति उपचार के बाद ठीक बताई जा रही है।

## इंस्पेक्टर और दरोगा को मिली तैनाती, आठ का कार्यक्षेत्र बदला

**प्रयागराज।** जनपद की पुलिसिंग को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से एसएसपी अजय कुमार ने सोमवार को चार इंस्पेक्टरों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इसके साथ ही आधा दर्जन दरोगाओं को भी नई तैनाती दी गई है। एसएसपी अजय कुमार की तरफ से जारी किए गए आदेश के मुताबिक प्रभारी निरीक्षक अतरसुइया वीरेंद्र कुमार मिश्र को दारागंज का प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह प्रभारी निरीक्षक दारागंज धर्मेंद्र कुमार को प्रभारी निरीक्षक हंडिया कोतवाली भेजा गया है। जबकि पुलिस लाइंस में शिकायत प्रकोष्ठ में तैनात आशीष कुमार भदौरिया को प्रभारी सोशल मीडिया सेल और पुलिस लाइन में रहे इंस्पेक्टर राकेश भारती को विवेचना सेल (क्राइम ब्रांच) में भेजा गया है। इसी क्रम में एसएसपी के पीआरओ ज्ञानेश कुमार को लोक सेवा आयोग चौकी प्रभारी, लोक सेवा आयोग चौकी प्रभारी अनिल भगत को सोशल मीडिया सेल, कैंप कार्यालय भेजा गया है। जबकि पुलिस लाइन में रहे सब इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार यादव को विवेचना सेल (क्राइम ब्रांच), चौकी प्रभारी जारी पंकज कुमार त्रिपाठी को एसएसपी पीआरओ (द्वितीय), चौकी प्रभारी नींवा अजय कुमार मिश्र को एसएसपी पीआरओ तृतीय के पद पर तैनाती दी गई है। इसी तरह चौकी प्रभारी नींवा प्रीत कुमार को मांडा थाने भेजा गया है।


हेतापट्टी में अवैध प्लाटिंग में हुए निर्माण को प्रयागराज विकास प्राधिकरण का बुलडोजर गिराता

## हेतापट्टी में गरजा पीडीए का बुलडोजर, क्षेत्र में हड़कंप

**झूंसी।** क्षेत्र में लगातार अवैध प्लाटिंग के खिलाफ प्रयागराज विकास प्राधिकरण के द्वारा की जा रही कार्रवाई से भू माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। सोमवार को पीडीए ने हेतापट्टी गांव में 20 बीधे में हुई अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया। क्षेत्र में हुई अवैध प्लाटिंग के मामले में पीडीए के जोनल अजय कुमार को दो दिन पहले पीडीए के उपाध्यक्ष अरविंद चौहान ने कारण बताओ नोटिस पकड़ाई तो भू माफियाओं के खिलाफ सुस्त पड़ी पीडीए की कार्रवाई युद्ध स्तर पर शुरू हो गई। जोनल अजय कुमार के नेतृत्व में अब तक करीब 200 बीघे अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई की जा चुकी है सोमवार को क्षेत्र के हेतापट्टी में 20 बीघे अवैध प्लाटिंग पर पीडीए का बुलडोजर पहुंचा तो कोई भी लेआउट या मानचित्र नहीं दिखा पाया जिसके बाद पीडीए ने दर्जनों अर्ध निर्मित निर्माण को ढहा दिया। पीडीए के जोनल अजय कुमार की मानें तो यह प्लाटिंग गंगा नदी के 500 मीटर के दायरे में भी था।

## न्यूज झरोखा

### अल्ट्राटेक ने निभाई सामाजिक जिम्मेदारी, बैग पाकर चहक उठे बच्चे



**शंकरगढ़।** सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में अग्रणी संस्था अल्ट्राटेक ने सोमवार को परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को स्कूल बैग प्रदान किया। अल्ट्राटेक बारा प्लांट द्वारा सामाजिक दायित्व निर्वहन (सीएसआर) के तहत क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में स्कूल बैग का वितरण किया जा रहा है। बैग वितरण के तीसरे चरण में सोमवार को जोरवट पंचायत के ग्राम- लकहर में स्थित प्राथमिक विद्यालय में स्कूल बैग का वितरण बच्चों के बीच किया गया। नया बैग पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कंपनी की तरफ से एच आर हेड ललन सिंह व उनके विभागीय सहयोगी संजीव श्रीवास्तव एवं पंकज त्रिपाठी ने कंपनी की तरफ से बच्चों को बैग का वितरण किया। जोरवट के ग्राम प्रधान मोहम्मद फैजान ने कंपनी के प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य साधना ने कंपनी के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही विद्यालय में बच्चों के बैठने के लिए फर्नीचर दिए जाने का अनुरोध किया। इस मौके पर जीतेंद्र सिंह के साथ समस्त स्टाफ व अभिभावक मौजूद रहे। गौरतलब है कि दो दिन पहले ही अल्ट्राटेक ने जनपद मुख्यालय पर स्थित फायर स्टेशन परिसर में फायर सेफ्टी हाल का निर्माण करवाया है। उस हाल का उद्घाटन डीजी फायर ने किया था।

### निःशुल्क टेबलेट पाकर छात्रों में दिखी खुशी



**सहसों।** गुलाब सिंह प्राइवेट आई टी आई कालेज सहसों में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा योजना के तहत छात्रों को निःशुल्क टेबलेट वितरित किया गया। इस अवसर पर टेबलेट वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल मां सरस्वती के छायाचित्र पुष्पांजलि अर्पित कर सभी छात्रों में टेबलेट का वितरण किया और उन्होंने छात्रों को बधाई देते हुए कहा इससे पठन-पाठन में काफी सहूलियत मिलेगी। प्रबंधक अमन सिंह ने कहा इसका सदुपयोग करना बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कॉलेज में 40 छात्रों को निःशुल्क टेबलेट का वितरण किया जा रहा है। प्राचार्य इंजीनियर मनीष सिंह ने टेबलेट वितरण कार्यक्रम में सभी छात्रों को शुभकामना दी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राघवेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, शशांक धर द्विवेदी, राहुल सिंह सहित कॉलेज के समस्त कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### एंबुलेंस में हुआ प्रसव जच्चा बच्चा स्वस्थ



**लालापुर।** लालापुर स्थित पीएचसी में तैनात 108 एंबुलेंस कर्मियों की सूझबूझ के चलते बीच रास्ते में ही प्रसूता का प्रसव कराया गया। प्रसव के बाद जच्चा और बच्चा दोनों पूर्णतया स्वस्थ हैं। लालापुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी विमल की पत्नी रीना देवी प्रसूता थी ।शुक्रवार के दिन रीना देवी को प्रसव पीड़ा हुई तो परिजनों ने लालापुर स्थित पीएचसी में तैनात 108 एम्बुलेंस को सूचना दी । सूचना मिलते ही एम्बुलेंस के ईएमटी जगदीश प्रसाद व पायलट विकास कुमार एंबुलेंस लेकर शाम 06.00 पर पीड़िता के घर पहुंचे और उसे लादकर पर सीएचसी शंकरगढ़ के लिए निकले लेकिन जसरा सीएसी लेजाते समय रास्ते में ही प्रसूता को रास्ते में ही पर रोककर प्रसव कराया गया ।

### पिछड़े एवं दलित समाज के नेता को दी श्रद्धांजलि



**प्रतापपुर।** नासिर पट्टी सरायममरेज में एक शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें एडवोकेट राज कुशवाहा को श्रद्धांजलि दिया गया। उपस्थित लोगों ने कहा कि स्व. राज कुशवाहा पिछड़े, दलित, शोषित, वंचित समाज के नेता थे और सबकी मदद करते थे ।कार्यक्रम का आयोजन रामसुन्दर कुशवाहा एवं शिक्षण संस्थान के संचालक आचार्य चन्दन सिंह ने किया कार्यक्रम का कुशल संचालन आदर्श प्रजापति ने किया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान जवाहर सिंह यादव, पूर्व प्रधान राजबहादुर पटेल, राम सुन्दर, मनमोहन सिंह, अवशेष पाल, अखिलेश प्रजापति, हरिश्चन्द्र, नीरज, चन्द्रेश आदि लोग मौजूद रहे।

### निःशुल्क सामान ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित



**जसरा।** प्रयाग संगम सेवा संस्थान द्वारा आयोजित कि जा रही हैं निशुल्क सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता। प्रतियोगिता जसरा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले लगभग सभी गावों में कराई जायेगी । प्रयाग संगम सेवा संस्थान के सदस्यों द्वारा कई गावों में प्राथमिक विद्यालय में जाकर फॉर्म भी भरवाया जा रहा हैं, यह प्रतियोगिता कक्षा तीन से लेकर आठ तक के बच्चों कि करायी जा रही है। यह परीक्षा बारा विधानसभा के उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में करायी जा रही हैं, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर तरुण पाठक नें प्रयाग संगम सेवा संस्थान की तारीफ करते हुऐ पूरे क्षेत्र के लोगों से अपील की है की अधिक से अधिक प्रतियोगी इस परीक्षा में भाग ले।


सहसों में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सफाई करते भाजपा कार्यकर्ता एवं महंत।


झूंसी में सफाई अभियान में शामिल भाजपाई

## भाजपाइयों ने चलाया स्वच्छता अभियान

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान भारतीय जनता पार्टी मंडल सहसों गंगापार द्वारा स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम सोमवार को श्री कृष्ण इंटर कॉलेज देवनहरी रामनाथ पट्टी में सुबह 8 बजे किया गया। जिसमें विद्यालय परिसर में घास फूस की सफाई की गई एवं झाड़ू लगाया गया। कार्यक्रम स्वामी सतीश भारती जी पंचायती महानिवार्णी अखाड़ा दारागंज के महंत के साथ में पार्टी कार्यकर्ताओं ने सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र भी शामिल हुए इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल के अध्यक्ष अनिल कुमार सरोज, भूमि विकास बैंक फूलपुर के अध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह, पिंटू दूबे, पवन कुमार शुक्ल, संतोष सिंह, महेश सिंह, डॉ राजेंद्र वर्मा, लक्ष्मी कांत पांडे, मुकेश दूबे, संदीप पाल, प्रसिद्ध नारायण पांडे, अनिल जयसवाल, शंकरलाल, मूलचंद पाल, राजेन्द्र सिंह पटेल, शिव बहादुर, राजेश चौरसिया, रवीन्द्र मौर्य, राजेश सरोज, रामसुधार बिंद, अमित शुक्ला, सुरेंद्र कुमार बिंद आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा कार्यकताओं ने किया सफाई कार्य

**झूंसी।** मंडल में स्वच्छता अभियान के तहत भाजपा कार्यकताओं ने नगर निगम कर्मियों के साथ झाड़ू लगाया। मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं द्वारा सोमवार को नई झूंसी स्थित रामलीला रामलीला मैदान की सफाई की गई। इस अवसर पर इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष दिलीप निषाद, मंडल महामंत्री प्रभाकर दुबे, जिला सोशल मीडिया प्रभारी जय शुक्ला, जिला आर्थिक प्रकोष्ठ के संयोजक राम बाबू केसरवानी, मंडल के मंत्री मोहित केसरवानी, रवि निषाद, युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विमलेश पटेल, मंडल अध्यक्ष दीपक सिंह, शक्ति केंद्र प्रभारी अजय सिंह, बूथ अध्यक्ष दीपक केसरवानी सहित दर्जनो कार्यकर्ता सफाई अभियान में सम्मिलित रहे।

## आग से जली फसल के मूआवजा को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

### हक और अधिकार के लिए किसानों को एकजुट होना होगा : केके मिश्रा

अखंड भारत संदेश



**कोरांव।** भारतीय किसान यूनियन भानू द्वारा किसान पंचायत निर्धारित समय में कोरांव तहसील अंतर्गत भगेशर में की गई जिसमें गांव के किसान के साथ संगठन के पदाधिकारि मौजूद रहे लगभग एक सप्ताह पूर्व सैकड़ों बीघे की गेहूं की फसल चलकर राख हो गई थी जिसमें लेखपाल द्वारा रिपोर्ट लगाने हिला हवाली के साथ तहसील के सक्षम अधिकारियों द्वारा मौके का मुआयना न किए जाने पर किसानों तथा पदाधिकारियों में रोष देखा गया वही काफी देर तक अधिकारियों के किसानों के पंचायत में देर से पहुंचने किसानों में भारी नाराजगी देखी गई लगभग चार बजे किसान नेताओं ने तहसीलदार कोरांव डा विशाल सर्मा को ज्ञापन सौंपा इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष केके मिश्रा ने कहा हम किसानों को अपने हक अधिकार के लिए एकजुट होकर भ्रष्टाचार में लिप्त शासन प्रशासन से लड़ना होगा वही वरिष्ठ किसान नेता राजेश पांडेय किसानों को मुआवजा को लेकर अधिकारियों द्वारा हीला हवाली से ऐसा लगता है कि प्रशासन की मंशा किसानों के प्रति साफ नहीं है लेकिन किसानों की लड़ाई भारतीय किसान यूनियन भानू लड़ती रहेगी का वही जिलाध्यक्ष राजू चौबे किसानों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि संगठन किसानो मजदूरों के हक और अधिकार के लिए सदैव तैयार है जिला पंचायत सदस्य यूवा जिला अध्यक्ष पिंटू चौबे ने किसानों को संबोधित किया कार्यक्रम के प्रमुख किसान नेता अमित पांडेय ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पराज शुक्ला राकेश कुमार पांडेय शैलेश हरिजन आशीष कुमार पांडेय नीरज सिंह जय कुमार सिंह पटेल ग्राम प्रधान भगेशर बम भोले सिंह वेद प्रकाश पांडेय राजेश मिश्रा रमेश पाल प्रेम शंकर पाल प्रदीप कुमार सिंह अखिलेश पटेल राजेंद्र मिश्र के साथ सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

## घूरपुर से मऊ तक का रास्ता होगा सुगम : वाचस्पति

अखंड भारत संदेश




**लालापुर।** घूरपुर से लेकर चित्रकूट के मऊ तहसील तक यमुना के किनारे से जाने वाली सड़क आने वाले दिनों में पहले से बेहतर और सुगम होगी। उक्त बातें सोमवार के दिन लालापुर के मनकामेश्वर धाम में बारा विधायक वाचस्पति ने स्वागत सम्मान समारोह में कही।स्वागत सम्मान कार्यक्रम में मौजूद चित्रकूट के मानिकपुर विधानसभा के विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी उर्फ लल्ली महाराज ने भी बारा विधायक की बातों का समर्थन करते हुए कहा कि बारा विधायक चित्रकूट की सीमा तक उनकी मदद से काम होगा तो चित्रकूट की सीमा के बाद वह भी सड़क निर्माण व बुंदेला नाले में पुलिया के निर्माण करा देंगे। नाले में पुलिया ना होने के चलते लोगों को कई किलोमीटर का चक्कर काटकर मऊ आना जाना पड़ता है । पुलिया और सड़क बनने से आवागमन सुगम हो जाएगा । कार्यक्रम में दोनो विधायको को मनकामेश्वर धाम का चित्र व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान लालापुर भटपुरा शंकर लाल पांडेय ने किया।आयोजक नंदलाल पांडेय ने बताया की श्रीमथुरा प्रसाद उपाध्याय स्मृति संस्थान एवं सेवा ट्रस्ट के बैनर तले कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संचालन दीपक पांडेय ने किया। इस मौके पर उमेश शुक्ल,शैलेन्द्र पांडेय, सूरज शुक्ल, श्यामू निषाद, शिवदत्त शुक्ल, सुरेश त्रिपाठी, रामचन्द्र शुक्ल, वीरेंद्र पांडेय, विजय कुमार पाण्डेय, दुबरी महराज ,रवि शंकर शुक्ल, शेर सिंह, दीपेश मिश्र, होरी लाल, मुकेश दिवेदी, बबलू पांडेय, रामू त्रिपाठी, संदीप केशरवानी, शैल नाथ उपाध्याय आदि लोग मौजूद रहे।

## डॉ स्वतंत्र यादव के स्वर्णिम काल को याद करेगा कॉलेज : प्रबंधक

### मलाक हरहर स्थित शिवपुर में प्रधानाचार्य के पद पर रहे तैनात, माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड द्वारा शहीद रामचंद्र इंटर कॉलेज देवरिया में मिली तैनाती

अखंड भारत संदेश



**लालगोपालगंज।** आर .पी. रस्तोगी इंटरमीडिएट कालेज मलाक हरहर शिवपुर के प्रधानाचार्य डॉ स्वतंत्र यादव को विद्यालय परिवार द्वारा भावभीनी विदाई दी गई ।डा.यादव का चयन माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड द्वारा शहीद रामचंद्र इंटर कॉलेज बसंतपुर देवरिया में प्रधानाचार्य पद के लिए हुआ है। प्रबंधक सर्वेश कुमार रस्तोगी की अध्यक्षता में आयोजित विदाई समारोह में डा यादव के लगभग ढाई साल के कार्यकाल में विद्यालय की उपलब्धियों को सराहा गया। विद्यालय शिखर तक पहुंचाने में उनके कार्यकाल को स्वर्णकाल बताते हुए प्रबंधक ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। ढेर सारी बधाई देते हुए उन्हें विदा किया। विद्यालय परिवार उनसे विद्यालय न छोड़ने की अपील करता रहा। भाव विह्वल माहौल में शिक्षक, कर्मचारी और बच्चों ने उन्हें हार्दिक विदाई दी। प्रबंधक महोदय ने कहा उनके कार्यकाल को विद्यालय के इतिहास में याद किया जाता रहेगा। इस अवसर पर राकेश कुमार यादव, सुप्रिया, रीता, धर्मराज, डॉ बृजेंद्र, विनीत यादव, सुनील आदि सम्मिलित रहे।

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क अस्थि स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आज

**जंघई।** झंडु इमामी कंपनी की तरफ से निःशुल्क अस्थि स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन मंगलवार सुबह 10 बजे से पुरानी पुलिस चौकी जंघई के नजदीक वैद्य केके मिश्रा के यहां किया गया है। जिसमें अनुभवी चिकित्सकों द्वारा कैल्सियम से कमी से होने वाले रोगों तथा शरीर में हड्डी से संबंधित रोगों की जांच उत्कृष्ट मशीन द्वारा किया जाएगा।झंडु इमामी कंपनी में कार्यरत मनीष त्रिपाठी ने बताया है कि इच्छुक एवं जरुरतमंदों के लिए आयोजित यह कैंप निःशुल्क है पहुंच कर इसका लाभ अवश्य उठाएं।

### सामूहिक दुराचार का नामजद आरोपी गिरफ्तार

**शंकरगढ़।** अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत शंकरगढ़ पुलिस ने सामूहिक बलात्कार के नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है।एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के गुलरहाई, गाढ़ा कटरा निवासी श्रीनाथ आदिवासी पुत्र राम अवतार के खिलाफ धारा 363,376 डी, 343 आईपीसी व 5/6 पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। सोमवार को मुखबिर की सूचना पर बलात्कार के नामजद आरोपी श्रीनाथ को शिवराजपुर के एक पेट्रोल पंप के पास से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस टीम की इस सफलता में एसओ मनोज कुमार सिंह के साथ कांस्टेबल जयकरण, कांस्टेबल जितेंद्र कुमार ओझा, महिला कांस्टेबल स्नेहलता पाल आदि लोग रहे।

### चंपापुर पावर हाउस के उपभोक्ताओं में आक्रोश

**प्रतापपुर।** विधानसभा चुनाव के बाद से बिजली की आपूर्ति कम कर दी गई है जिससे इस उमस भरी गर्मी में लोग हैरान परेशान हैं। चंपापुर फीडर से दर्जनों गावों में विद्युत आपूर्ति होती है ग्रामीण बिजली के अनियमित कटौती से हैरान व परेशान है। नियमानुसार बिजली न आना बार बार बिजली कटौती से ग्रामीणों को इस उमस भरी गर्मी मे रात भर जागने के लिए विवश कर रहा है ग्रामीणों ने कहा कि बिजली की कटौती करना है तो दिन में करें रात में कटौती होने के कारण ग्रामीण रात भर सो नहीं पाते हैं ।किसानों को अपनी फसलों को सिंचाई करने में समस्या आ रही है ग्रामीणों ने विद्युत कटौती रोकने की मांग की है।अनियमित रोस्टर से ग्रामीणों में आक्रोश है।

# प्रशासन के बल पर शुरू कराया गया आरओबी भीरपुर का निर्माण कार्य

**मुआवजे को लेकर किसानों का जम कर विरोध घंटों चला हंगामा**





अखंड भारत संदेस

**करछना।** क्षेत्र के भीरपुर में बीते 2 वर्षों से राज्य सेतु निगम के द्वारा आरओबी का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। लेकिन किसानों के विरोध के चलते बीते कई महीनों से कार्य अधर में लटका पड़ा है। सोमवार को तहसीलदार करछना रमेश पांडे, नायब तहसीलदार विनय द्विवेदी ने कई थाने की पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन लगाकर काम शुरू कराया गया। जिसमें आरती शुक्ला पत्नी विष्णु शुक्ला के मकान को जेसीबी मशीन से गिरवाने का काम किया गया। कुछ ही देर में दर्जनों किसानों ने मौके पर पहुंचकर काम को रुकवाया और मुआवजे की मांग करते हुए धरने पर बैठ गए। जिसके बाद प्रशासन ने सख्ती अपनाते हुए धरने पर बैठे छोटे लाल शर्मा, इंद्र पति, विष्णु शुक्ला समेत अन्य 3 लोगों को हिरासत में लेकर करछना थाने भेज दिया। जिसके बाद काम पुनः शुरू करा दिया गया।किसान छोटे लाल शर्मा, जय शंकर पांडे, रामनाथ विश्वकर्मा, विष्णु शुक्ला, दशरथ पटेल, अजाब लाल, अनिरुद्ध गौतम का आरोप है कि उनकी जमीन का मुआवजा 493 वर्ग मीटर के हिसाब से भुगतान किया जा रहा है। जबकि वर्तमान सर्किल रेट के हिसाब से बहुत कम है। पूर्व में किसानों ने मुआवजे को लेकर जिलाधिकारी प्रयागराज से मुलाकात की थी। जिलाधिकारी ने मामले की जांच कर जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिया था। उधर कुछ किसान मामले को लेकर कोर्ट में भी गए हैं । वहीं पुलिस प्रशासन लगाकर अचानक शुरू की गई काम से किसानों में नाराजगी व्याप्त है।

### बालक का अपहरण एक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके के एक व्यक्ति का आरोप है कि उसके आठ वर्षीय पुत्र को उसके साढू के लडके ने अपहरण कर लिया है। भुक्तभोगी ने मऊआइमा थाने में एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम त्रिलोकपुर निवासी राजेश कुमार मुसहर पुत्र लाल चन्द्र का आरोप है कि वह सोए हुए था। जब उठा तो देखा कि उसका आठ वर्षीय पुत्र अखिलेश गायब था। पता लगाने पर मालूम पडा कि उसके साढू के लडके ने उसके पुत्र अखिलेश का अपहरण कर ले गया और अपने घर से अखिलेश को लेकर भाग गया है। राजेश कुमार मुसहर ने मऊआइमा थाने में अपने साढू के लडके करन पुत्र मिठाई लाल ग्राम करनाईपुर थाना बहरिया के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### युवती का अपहरण एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** गांव का एक युवक एक युवती को बहला फुसला कर भगा ले गया।युवती के पिता ने एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति का आरोप है कि उसकी 18 वर्षीय पुत्री को गांव का एक युवक बहला फुसला कर भगा ले गया। युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने धनंजय सिंह सरोज पुत्र मूलचन्द्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है।

### पानी को दर-दर भटक रहे गोवंश



**बारा।** बारा तहसील के आस पास के गांव जो पानी की समस्या से जूझ रहे हैं वहीं गो वंश पानी की तलाश में दर ब दर भटकने को मजबूर हो रहे हैं मौसम के बढ़ते तापमान के कारण तालाब पोखरों का पानी सूख गया है जिससे गोवंशोंको पीने की बहुत बड़ी समस्या हो रही है बारा क्षेत्र के नीबी सुंदरपुर भोड़ी धरा बावंधर कोरारि गजापुर छी डी परवेजाबाद गीज पहाड़ी आदि पहाड़ी इलाका है तापमान के कारण पहाड़ के खदानों का भी पानी सूख गया है जिसकी वजह से गोवंश पानी की तलाश में दर-दर भटकने को मजबूर होना पड़ रहा है अगर समय रहते पानी की समस्या को दूर नहीं किया गया तो एक-एक कर गोवंश पानी की प्यास के कारण मारने को मजबूर हो जाएंगे जो कि एक बहुत बड़ी समस्या है सरकार लगातार गोवंश के लिए धन खर्च कर रही है लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत पवारा विकास खण्ड मंझनपुर जनपद कौशाम्बी

अल्पकालिक निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पवारा विकास खण्ड मंझनपुर में चौदहवां वित्त,पन्द्रहवां वित्त चतुर्थ राज्य वित्त आयोग, मनरेगा योजना, कायाकल्प योजना, राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण व मरम्मत, नाली निर्माण,नाली मरम्मत, खडन्जा निर्माण, हैण्डपम्प मरम्मत, हैण्डपम्प रिबोर, इण्टरलाकिंग, स्कूल निर्माण व मरम्मत, पंचायत भवन मरम्मत,आंगनबाडी केन्द्र निर्माण व मरम्मत, सोलर लाइट, सोलर पम्प व अन्य कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा दिनांक 19/04/2022 से 25/04/2022 तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 26/04/2022 को 12 बजे दिन में उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/ अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगा। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2022-23 में कराये जाने वाले सभी कार्यो हेतु प्रभावी होगा।

दिनेश पाल
पंचायत सचिव
विकास खण्ड मंझनपुर
जनपद कौशाम्बी

निर्मलादेवी श्रीवास्तव
ग्राम प्रधान पवारा
विकास खण्ड मंझनपुर
जनपद कौशाम्बी


# अतीक को मिली जमानत हुई निरस्त

अखंड भारत संदेंश

**प्रयागराज।** एमपी-एमएलए कोर्ट से पूर्व सांसद अतीक अहमद को बड़ा झटका लगा है। अहमदाबाद जेल में बंद माफिया को बसपा विधायक राजू पाल की 2005 में हुई हत्या के गवाह उमेश पाल को धमकाने व जानलेवा हमले के मामले में 2009 में मिली जमानत खारिज कर दी है। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश डॉ. दिनेश चंद्र शुक्ला कर रहे थे। सरकार की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सुशील कुमार वैश्य, विशेष लोक अभियोजन वीके सिंह कर रहे थे। मामले में बसपा के सक्रिय कार्यकर्ता व जिला पंचायत सदस्य उमेश पाल राजू पाल हत्याकांड का गवाह है। 25 जनवरी 2005 को शहर पश्चिमी के विधायक राजू पाल की हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड में माफिया अतीक अहमद व उसके भाई अशरफ मुख्य अभियुक्त हैं। इस हत्याकांड के बाद से ही उमेश पाल को जान से मारने की धमकी दी जाने लगी थी।

**गवाह को धमकाने व जानलेवा हमले के मामले को लेकर**

### गवाह उमेश पाल को दिन दहाड़े उठा ले गए

28 फरवरी 2006 को फांसी इमली के पास शाम करीब पांच बजे अतीक अहमद की लैंड क्रूजर गाड़ी ने उमेश पाल का रास्ता रोक लिया और दूसरी गाड़ी ने उसे पीछे से घेर लिया। उसी गाड़ी से दिनेश पासी, अंसार बाबा और एक अन्य आदमी उतरे और अंसार बाबा ने उमेश पाल की कनपटी में पिस्तौल सटा दी। इसके बाद लैंड कूजर में उठाकर पटक दिया। गाड़ी में अतीक अहमद व तीन अन्य लोग राइफल लेकर बैठे थे।इसके बाद उमेश पाल को मारकर अतीक अहमद व उसके गुर्गों ने अधमरा कर दिया था। उसे मारते-पीटते चकिया कार्यालय ले गए। चकिया कार्यालय में मारपीट के अलावा उसे करंट के शॉक भी दिए गए। इस मामले में अतीक अहमद के खिलाफ थाना धूमनगंज में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। जिला एवं सत्र न्यायालय से अतीक अहमद को 2009 में जमानत मिल गई थी, जिसे आज कोर्ट ने खारिज कर दी है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत चंद्रा, वि.खं. शंकरगढ़, प्रयागराज

अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत चंद्रा में पंद्रहवाँ वित्त/ पंचम राज्य वित्त आयोग/ मनरेगा/ राष्ट्रीय ग्रामीण स्वच्छता मिशन आदि योजनाओं/ कार्यक्रमों के अन्तर्गत शौचालय-निर्माण,टाइल्स निर्माण, नाला/ नाली निर्माण एवं मरम्मत खड़ंजा निर्माण एवं मरम्मत, कूप का जीर्णोद्धार इण्डिया मार्का-टू हैण्डपम्प की मरम्मत/ रिबोरिंग/ स्थापना एवं प्लेटफार्म निर्माण/ मरम्मत, सोख्ता गड्ढा का निर्माण, इण्टरलाकिंग कार्य, एमडीएम शेड निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति, एलईडी इलेक्ट्रिक बल्ब/ सोलर/ स्ट्रीट लाइट, पानी का टैंकर, बाउण्ड्रीवाल का निर्माण/ मरम्मत, ह्यूम पाईप, विद्यालय/ पंचायत भवन, विद्यालयों के जीर्णोद्धार/ वाल राइटिंग एवं आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मत एवं खिड़की/ दरवाजा आदि की रंगाई-पुताई तथा इस कार्य में प्रयुक्त होने वाली सामग्री कोविड-19 कोरोना बचाव हेतु ब्लीचिंग पाउडर, सेनेटाइजर, मास्क, फागिंग मशीन, छिड़काव मशीन, अन्य उपकरण एवं परियोजना बोर्ड की आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों से दिनांक 19.04.2022 से 25.04.2022 तक सीलबंद निविदा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपराहन 03 बजे उपस्थित फर्मों के समक्ष खोली जाएगी। सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक-पृथक होगी। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2022-23 अन्तर्गत कराये जाने वाले सभी कार्यों हेतु प्रभावी होगी।

नियम व शर्तेः-

1. निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण एवं आंशिक संशोधन अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
2. रू0 100 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर एक रूपए का रसीदी टिकट लगाकर अनुबंध लिखना होगा कि परियोजना पूरी होने की अवधि तक अनुबंध मान्य होगा, इससे पहले निविदा/ आफर वापस लेने पर धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
3. कोई भी आपूर्तिकर्ता फर्म/ निविदादाता को राज्य सरकार द्वारा काली सूची में दर्ज हो वह निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकेगा।
4. फर्म को टिन नं0/ पैन नं0 तथा सामग्री आपूर्ति पर देयकर/ टीडीएस/ कटौती की जिम्मेदारी फर्म की होगी।

दीपेश सिंह
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत चंद्रा
वि.खं. शंकरगढ़, प्रयागराज

संगीता मिश्रा
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत चंद्रा
विकास खंड, शंकरगढ़, प्रयागराज



## कार्यालय ग्राम पंचायत मीरापुर विकास खण्ड मंझनपुर जनपद कौशाम्बी

अल्पकालिक निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मीरापुर विकास खण्ड मंझनपुर में चौदहवां वित्त,पन्द्रहवां वित्त चतुर्थ राज्य वित्त आयोग,मनरेगा योजना,कायाकल्प योजना,राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण व मरम्मत,नाली निर्माण,नाली मरम्मत,खडन्जा निर्माण,हैण्डपम्प मरम्मत,हैण्डपम्प रिबोर,इण्टरलाकिंग,स्कूल निर्माण व मरम्मत,पंचायत भवन मरम्मत,आंगनबाडी केन्द्र निर्माण व मरम्मत,सोलर लाइट,सोलर पम्प व अन्य कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा दिनांक 19/04/2022 से 25/04/2022 तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 26/04/2022 को 11 बजे दिन में उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगा। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2022-23 में कराये जाने वाले सभी कार्यो हेतु प्रभावी होगा।

राहुल सिंह
पंचायत सचिव
विकास खण्ड मंझनपुर
जनपद कौशाम्बी

हीरामनी देवी
ग्राम प्रधान मीरापुर
विकास खण्ड मंझनपुर
जनपद कौशाम्बी



## कार्यालय ग्राम पंचायत कोहड़िया, वि.खं. शंकरगढ़, प्रयागराज

अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत कोहड़िया में पंद्रहवाँ वित्त/ पंचम राज्य वित्त आयोग/ मनरेगा/ राष्ट्रीय ग्रामीण स्वच्छता मिशन आदि योजनाओं/ कार्यक्रमों के अन्तर्गत शौचालय-निर्माण,टाइल्स निर्माण, नाला/ नाली निर्माण एवं मरम्मत खड़ंजा निर्माण एवं मरम्मत, कूप का जीर्णोद्धार इण्डिया मार्का-टू हैण्डपम्प की मरम्मत/ रिबोरिंग/ स्थापना एवं प्लेटफार्म निर्माण/ मरम्मत, सोख्ता गड्ढा का निर्माण, इण्टरलाकिंग कार्य, एमडीएम शेड निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति, एलईडी इलेक्ट्रिक बल्ब/ सोलर/ स्ट्रीट लाइट, पानी का टैंकर, बाउण्ड्रीवाल का निर्माण/ मरम्मत, ह्यूम पाईप, विद्यालय/ पंचायत भवन, विद्यालयों के जीर्णोद्धार/ वाल राइटिंग एवं आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मत एवं खिड़की/ दरवाजा आदि की रंगाई-पुताई तथा इस कार्य में प्रयुक्त होने वाली सामग्री कोविड-19 कोरोना बचाव हेतु ब्लीचिंग पाउडर, सेनेटाइजर, मास्क, फागिंग मशीन, छिड़काव मशीन, अन्य उपकरण एवं परियोजना बोर्ड की आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों से दिनांक 19.04.2022 से 25.04.2022 तक सीलबंद निविदा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपराहन 03 बजे उपस्थित फर्मों के समक्ष खोली जाएगी। सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक-पृथक होगी। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2022-23 अन्तर्गत कराये जाने वाले सभी कार्यों हेतु प्रभावी होगी।

नियम व शर्तेः-

1. निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण एवं आंशिक संशोधन अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
2. रू0 100 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर एक रूपए का रसीदी टिकट लगाकर अनुबंध लिखना होगा कि परियोजना पूरी होने की अवधि तक अनुबंध मान्य होगा, इससे पहले निविदा/ आफर वापस लेने पर धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
3. कोई भी आपूर्तिकर्ता फर्म/ निविदादाता को राज्य सरकार द्वारा काली सूची में दर्ज हो वह निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकेगा।
4. फर्म को टिन नं0/ पैन नं0 तथा सामग्री आपूर्ति पर देयकर/ टीडीएस/ कटौती की जिम्मेदारी फर्म की होगी।

दीपेश सिंह
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत कोहड़िया
वि.खं. शंकरगढ़, प्रयागराज

काशी प्रसाद
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कोहड़िया
विकास खंड, शंकरगढ़, प्रयागराज



## कार्यालय ग्राम पंचायत बसही वि. ख. करछना प्रयागराज

टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत **बसही** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 19–04–2022 से दिनांक 23–04–2022 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत **बसही** में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 25–04–2022 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 25–04–2022 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | बबलू तिवारी के घर से कैलाशधर द्विवेदी के घर होते हुए रामशिरोमणि के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 4.31 लाख | 2 माह |
| 2. | टकटईया रोड से रामचन्द्र भारतीया के घर के आगे तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 4.76 लाख | 2 माह |
| 3. | विद्या तिवारी सीसीरोड रोड से पुनीत तिवारी के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 2.37 लाख | 2 माह |
| 4. | टकटईया रोड से कुलदीप भारतीया के घर के आगे तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 4.76 लाख | 2 माह |
| 5. | पक्की रोड से राजाराम गुप्ता के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 2.99 लाख | 2 माह |
| 6. | ग्राम पंचायत बसही में विभिन्न स्थानों पर स्ट्रीट लाईट कार्य | 3.99 लाख | 2 माह |

अभिषेक सिंह
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बसही
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./टेण्डर/ कोटेशन/ 2021-22/ दिनांक

महेश कुमार
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत बसही
वि0 ख0 करछना प्रयागराज



## कार्यालय ग्राम पंचायत अल्हवा कोरांव प्रयागराज

निविदा सूचना

ग्राम पंचायत अल्हवा में पंचम राज्य वित्त, चौदहवां वित्त, पंद्रहवां वित्त, मनरेगा, द्वारा ग्राम सचिवालय/ पंचायत भवन मरम्मत कार्य, बाऊंड्रिवाल, इंटर लाकिंग कार्य, टाइल्स, फर्श, विद्युति करण, इनवर्टर मेंज कुर्सी आलमारी वगैरह, भवन प्रांगण में इंटर लाकींग कार्य,ग्राम पंचायत में नाली पक्की निर्माण, डब्ल्यू वी एम कार्य, ग्राम में हैंडपंप मरम्मत कार्य, हैंड पंप रीबोर कार्य व ग्राम में पेयजल टंकी,रनिंग वाटर आदि कार्य,ग्राम पंचायत में प्रवेश द्वार निर्माण कार्य, पंचायत भवन, प्रायमरी स्कूल आंगनवाडी केंद्र की रंगाई पोताई, वाल पेटिंग, ह्युम पाईप, चेकडैम निर्माण कार्य, बन्धा निर्माण कार्य, ब्रीड गार्ड, स्ट्रीट लाइट व सोलर लाइट, प्रसासनिक ब्यय, स्कूल में इंटर लाकिग कार्य, गांव में चबूतरा निर्माण कार्य, कूप जगत निर्माण कार्य, ग्राम सभा में हैंड पंप चरही निर्माण कार्य, ग्राम की सभी पक्की रोडों मार्गों की सफाई, मरम्मत, ग्राम पंचायत में पेयजल टैंकर क्रय किए जाने का कार्य,मनरेगा से नाली, इंटर लाकींग, डबल्यूबीएम कच्ची सम्पर्क मार्ग, तालाबों की खुदाई, सफाई, सुंदरीकरण, वृक्षारोपण ,मार्गों की सफाई, मरम्मती करण, गोशाला, कैटिल सेड, मुर्गी, बकरी,सुवर पालन, डेयरी, सफाई कर्मी किट, खरांजा कार्य, मिटटी पटाई, मेडबंदी, समतलीकरण कार्य हेतु, दिनांक 18 अप्रैल 2022 से 25 अप्रैल 2022 तक सीलबन्द निविदा अधोहस्ताछरी कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 27 अप्रैल 2022 को पंचायत भवन या प्रायमरी स्कूल में उपस्थित फर्मों के समक्ष खोला जाएगा। फर्मों का जी एस टी नंबर होना अनिवार्य होगा। निविदा स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार समिति के पास होगा। सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत आकलन के अनुसार पृथक पृथक होगा। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष ,2022/2023 में कराए जाने हेतु सभी कार्यों में प्रभावी होगी।

अभिषेक कुमार
ग्राम पंचायत अधिकारी
अल्हवा कोरांव
प्रयागराज

अहदअहमद सिद्दीकी
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत अल्हवा
ब्लॉक कोरांव प्रयागराज



## कार्यालय ग्राम पंचायत झंझरा चौबे, वि.खं. शंकरगढ़, प्रयागराज

अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत झंझरा चौबे में पंद्रहवाँ वित्त/ पंचम राज्य वित्त आयोग/ मनरेगा/ राष्ट्रीय ग्रामीण स्वच्छता मिशन आदि योजनाओं/ कार्यक्रमों के अन्तर्गत शौचालय-निर्माण,टाइल्स निर्माण, नाला/ नाली निर्माण एवं मरम्मत खड़ंजा निर्माण एवं मरम्मत, कूप का जीर्णोद्धार इण्डिया मार्का-टू हैण्डपम्प की मरम्मत/ रिबोरिंग/ स्थापना एवं प्लेटफार्म निर्माण/ मरम्मत, सोख्ता गड्ढा का निर्माण, इण्टरलाकिंग कार्य, एमडीएम शेड निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति, एलईडी इलेक्ट्रिक बल्ब/ सोलर/ स्ट्रीट लाइट, पानी का टैंकर, बाउण्ड्रीवाल का निर्माण/ मरम्मत, ह्यूम पाईप, विद्यालय/ पंचायत भवन, विद्यालयों के जीर्णोद्धार/ वाल राइटिंग एवं आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मत एवं खिड़की/ दरवाजा आदि की रंगाई-पुताई तथा इस कार्य में प्रयुक्त होने वाली सामग्री कोविड-19 कोरोना बचाव हेतु ब्लीचिंग पाउडर, सेनेटाइजर, मास्क, फागिंग मशीन, छिड़काव मशीन, अन्य उपकरण एवं परियोजना बोर्ड की आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों से दिनांक 19.04.2022 से 25.04.2022 तक सीलबंद निविदा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपराहन 03 बजे उपस्थित फर्मों के समक्ष खोली जाएगी। सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक-पृथक होगी। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2022-23 अन्तर्गत कराये जाने वाले सभी कार्यों हेतु प्रभावी होगी।

नियम व शर्तेः-

1. निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण एवं आंशिक संशोधन अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
2. रू0 100 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर एक रूपए का रसीदी टिकट लगाकर अनुबंध लिखना होगा कि परियोजना पूरी होने की अवधि तक अनुबंध मान्य होगा, इससे पहले निविदा/ आफर वापस लेने पर धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
3. कोई भी आपूर्तिकर्ता फर्म/ निविदादाता को राज्य सरकार द्वारा काली सूची में दर्ज हो वह निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकेगा।
4. फर्म को टिन नं0/ पैन नं0 तथा सामग्री आपूर्ति पर देयकर/ टीडीएस/ कटौती की जिम्मेदारी फर्म की होगी।

दीपेश सिंह
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत झंझरा चौबे
वि.खं. शंकरगढ़, प्रयागराज

पृथ्वीराज साहू
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत झंझरा चौबे
विकास खंड, शंकरगढ़, प्रयागराज

# सीएचसी कालाकांकर में आजादी का अमृत महोत्सव मेला सम्पन्न

## स्वास्थ्य मेले में दी गई ओपीडी की सेवाएं, लगी प्रदर्शनी

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालाकांकर में सोमवार को आजादी का अमृत महोत्सव मेले का मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद एवं कालेज प्रबंधिका राजकुमारी रत्ना सिंह ने फीता काटकर आजादी के अमृत महोत्सव व ब्लाक स्तरीय मेले का उद्घाटन किया। साथ में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ ए के श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

चिकित्सा प्रभारी डॉ मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य मेले में आम जनमानस का डिजिटल हेल्थ कार्ड, आयुष्मान कार्ड, विकलांग कार्ड, विशेषज्ञ सेवाएं (फिजीशियन सर्जन नेत्र सर्जन हड्डी रोग विशेषज्ञ नवजात एवं बाल रोग विशेषज्ञ स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ द्वारा ओपीडी सेवाएं दी गई। साथ में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सभी स्कीमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और हेल्दी बेबी शो, टीकाकरण, औषधि एवं खाद्य विभाग, बाल पुष्टाहार एवं पंचायती राज विभाग द्वारा ब्लाक स्तरीय प्रदर्शनी लगाई गई।



अमृत महोत्सव मेला का फीता काटकर उद्घाटन करतीं राजकुमारी रत्ना सिंह

जिसमें ब्लाक मुख्यालय कालाकांकर के सहायक विकास अधिकारी संतोष कुमार शुक्ला एवं खण्ड प्रेरक रंजीत कुमार मौर्य व निर्भय प्रताप सिंह व समाज कल्याण विभाग कालाकांकर के एडीओ सुनील कुमार ने विकास खण्ड कालाकांकर के द्वारा संचालित स्वच्छ भारत मिशन एवं पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर कुँवर मनीष सिंह(ग्राम प्रधान कालाकांकर व सांसद प्रतिनिधि) डॉ घनश्याम यादव (राजभवन मैनेजर), डॉ अनुराग शुक्ला, डॉ प्रदीप सिंह, प्रमोद कुमार, योगेश कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग की आशा बहु एवं चिकित्सक मौजूद रहे।

## दक्षता भाषण मे प्रत्याशियों ने अधिवक्ता हितों की भरी हुंकार

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील मे संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव के तहत प्रत्याशियों के मतदान के ठीक एक दिन पूर्व हुए दक्षता भाषण मे जमकर गहमागहमी दिखीं। वहीं मंगलवार को होने वाले संयुक्त अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों के चुनाव के लिए प्रातः आठ बजे से मतदान होगा। मतदान अपरान्ह तीन बजे तक किया जाएगा। इसके बाद साढ़े तीन बजे के बाद मतगणना व परिणाम की घोषणा भी होगी। इसके पहले सोमवार को तहसील पार्क मे प्रत्याशियों का दक्षता भाषण दिन भर चुनावी सरगर्मी मे दिखा। अध्यक्ष तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष व उपाध्यक्ष तथा महामंत्री पद के उम्मीदवारों ने अपने दक्षता भाषण मे संघ की एकता तथा अधिवक्ताओं के मुददो पर संघर्ष की हुंकार भरी। दक्षता भाषण कार्यक्रम की अध्यक्षता चुनाव समिति के अध्यक्ष रामलगन यादव व संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया।

# सौन्दर्यीकरण के बाद ही प्यास बुझा सकेगें पशु-पक्षी

## ब्लाक परिसर का सूखा पड़ा मॉडल तालाब

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय ब्लाक परिसर स्थित सूखे मॉंडल तालाब के सौन्दर्यीकरण के बाद ही पशु-पक्षी अपनी प्यास बुझा सकेगें।इस तड़पती धूप में पानी के लिए उन्हे महीनों इन्तजार करना पड़ सकता है।जल की जरूरत के समय विभाग को जीर्णोद्धार कराने की याद आ गई।

स्थानीय ब्लाक परिसर में बना मॉडल तालाब अधिकारियों की लापरवाही के चलते दुर्दशा का शिकार हो गया है।अधिकारियों की नाक के नीचे ही बने मॉंडल तालाब का पानी सूख गया है। इस तड़पती गर्मी में पशु व पक्षियों के लिए

### पानी की जरूरत पर याद आया जीर्णोद्धार

तालाब में पानी की जरूरत है तब खण्ड विकास अधिकारी को इसे खूबसूरत बनाने का विचार आ गया।

अभी सौन्दर्यीकरण कराने की कार्ययोजना तक नही बनाई गई है।यह तो वही कहावत हुई की क्षड़ाई के समय बबूल बोना, अधिकारियों की लापरवाही के चलते इस तड़पती धूम में पशु-पक्षियों को हलक तर करने के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। अब यह देखना है कि क्या इस वर्ष की गर्मी में पशु-पक्षियों की प्यास मॉंडल तालाब बुझा पायेगा या भिर उन्हे कही दूसरी जगह का सहारा लेना पडेगा क्षेत्र स्थित लगभग सभी तालाब जल विहीन ही दिखाई दे रहे है कहीं है भी तो कीचड़ युक्त पानी ही है। जिम्मेदार स्वयं ही अपनी जिम्मेदारी नही पूरी कर पा रहे है तो वह अपने मातहतों से कैसे जिम्मेदारियों का निर्वाहन कराएंगे।

**क्या कहते है अधिकारी?**

लालगंज, प्रतापगढ़। इस संबंध में खण्ड विकास अधिकारी अश्वनी सोनकर ने बताया कि कार्ययोजना बनने के बाद तालाब का सौन्दर्यीकरण कराया जायेगा उसके बाद ही पानी भरा जायेगा।

# नगर में अभियान चलाकर सफाई, फागिंग व एंटी लार्वा का हो रहा छिड़काव

## 30 अप्रैल तक चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत नगर पालिका बेल्हा नगर में विशेष सफाई अभियान चला रही है, जिसके तहत नाले-नालियों की सफाई, घासों की कटाई, एंटी लार्वा का छिड़काव तथा नगर में फागिंग की जा रही है। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि शासन के निर्देश पर दो अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलने वाले इस संचारी रोग नियंत्रण अभियान में नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह व अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह द्वारा बनाई गई कार्य योजना के तहत सोमवार को बलीपुर में छोटी नाला क्लीनिंग मशीन से सफाई की गई तथा केपी कालेज के सामने बडे. नाले की सफाई के लिये जेसीबी लगाई गई थी। संक्रामक रोगों से बचाव के लिये तथा नगर में मच्छरों का प्रभाव कम करने के लिये बलीपुर व तहसील वार्ड की नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव किया गया। सफाई निरीक्षक श्री सिंह ने आगे बताया कि रोस्टर के अनुसार प्रतिदिन दो वार्डों में फागिंग व चार वार्डों में एंटी लार्वा का छिड़काव किया जा रहा है। यह कार्य योजना आगामी 30 अप्रैल तक नियमित चलाये जाने का कार्यक्रम तय किया गया है।

# सड़क सुरक्षा का हम सबको करना होगा सम्मानः राजेन्द्र मौर्य

## सड़क सुरक्षा सप्ताह का हुआ शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शासन एवं परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश के निर्देश पर सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के लिए आयोजित सड़क सुरक्षा सप्ताह 18 अप्रैल से 24 अप्रैल तक मनाया जाएगा। इसमें विधायक सदर राजेंद्र मौर्य की अध्यक्षता में एक भव्य कार्यक्रम सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रतापगढ़ के कार्यालय में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के आयोजक सुशील कुमार मिश्रा सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी जनपद प्रतापगढ़ रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ मोहम्मद अनीस ने किया। विशिष्ट अतिथि के रुप में डॉ विंध्याचल सिंह प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज बरहदा प्रतापगढ़ रहे। अन्य प्रमुख वक्ताओं में अनिल सिंह, विजय सिंह, शिव विलास मंडल अध्यक्ष बीजेपी, अरुण विधायक प्रतिनिधि, अभिषेक मीडिया प्रभारी, एआरपी धर्मेंद्र कुमार ओझा, सर्वेश उपाध्याय आदि रहे। कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर सबसे पहले विधायक द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। तत्पश्चात सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी द्वारा बताया गया कि शासन एवं परिवहन विभाग के निर्देश पर 18 अप्रैल से 24 अप्रैल तक सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जाएगा, जिसमें जनमानस को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि लोगों को सड़क पर सुरक्षित तरीके से चलने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। विधायक सदर ने कहा कि हम परिवहन विभाग द्वारा बताए गए सड़क सुरक्षा के सभी नियमों का पूर्ण रुप से पालन करें। यातायात विभाग द्वारा बताए गए नियमों के अनुसार अपनी गाड़ियों का संचालन करें। कार्यक्रम के अंत में सड़क सुरक्षा पर शासन एवं परिवहन विभाग द्वारा भेजा गया एक शपथ विधायक ने उपस्थित जनसमुदाय को दिलाया और उसके पश्चात प्रचार वाहन को हरी झंडी देकर रवाना किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रंजीत सिंह आर आई, दिनेश शर्मा पीटीओ, नरेंद्र सिंह, शैलेंद्र सिंह, ब्रह्मानंद दुबे टीआई, बब्बू, मंटू रोहित, सत्येंद्र सिंह, मनोज सिंह, सुनील सिंह, राजेश कुमार, राज कुमार सिंह आदि रहे।




सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाते सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य।

# दहेज को लेकर बारात न पहुंचने से कन्या पक्ष मे कोहराम

## बारात पक्ष के आधा दर्जन आरोपियों पर गंभीर धाराओं मे केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली के मांदीपुर निवासी सौरभ शुक्ला ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि उसने अपनी बहन दिव्या की शादी पड़ोसी जिले रायबरेली के सलोन थाना के कमालुददीनपुर निवासी स्व. शशिधर मिश्र के पुत्र विजय कुमार मिश्र के साथ तय की थी। शादी को लेकर कन्या पक्ष की ओर से वर पक्ष को वरीक्षा व तिलक मे भी नकदी व सामान भेंट कर दिये गये थे।

सत्रह अप्रैल को सौरभ के घर बहन की बारात आनी थी। शादी को लेकर घर परिवार तथा रिश्तेदारों ने पूरी तैयारी कर ली। इधर कन्या पक्ष के लोग शादी की रश्मों की तैयारी मे खुशी खुशी जुटे थे। तभी अचानक वर वक्ष की ओर से फोन आया कि शादी मे देने के लिए चार पहिया कार बुक करने की जगह पन्द्रह लाख रुपए या पहले गाड़ी भेजो तभी बारात आयेगी। यह सुनते ही कन्या पक्ष को सांप सूंघ गया। धीरे धीरे घर की औरतों को जानकारी हुई तो रिश्तेदार व परिजन बदहवाश हो उठे। पीड़ित की बहन को जब यह जानकारी हुई तो वह अचानक सदमे मे आ गयी और परिवार मे मातम छा गया। परिजन आननफानन मे दिव्या को लेकर अस्पताल पहुंचे जहां उसका देर रात तक इलाज चला। इधर बारात की आगवानी के लिए आये रिश्तेदार भी मायूस होकर धीरे धीरे लौटने लगे। वहीं शादी कार्यक्रम मे क्षेत्र समाज के पहुंचे लोग भी दहेज लोभियों की हरकत सुनकर बाराती पक्ष के प्रति थू-थू करने लगे। पीड़ित का कहना है कि उसके पिता की अभी हाल ही मे बीते वर्ष बाइस नवंबर को मृत्यु हो गयी थी। पीड़ित ने वरीक्षा व तिलक मे आठ लाख रुपए खर्च किया था जिसमे वर पक्ष को पांच लाख नकद व तीन लाख रुपए के कपड़े व जेवरात आदि दिये थे। पीड़ित के साथ आरोपी विजय कुमार मिश्र व राकेश मिश्र तथा विजय कुमार मिश्र के बहनोई देवेश तथा विजय की माता व रिश्तेदार अनुपम त्रिपाठी आदि ने मिलकर अचानक शादी तोड़ने का षडयंत्र किया। सामाजिक अपमान से पीड़ित का परिवार सदमे मे बताया जाता है। वहीं पीड़ित का यह भी कहना है कि आरोपी कार्यवाही करने पर जानलेवा धमकी भी दे रहे हैं। पीड़ित ने तहरीर के साथ पुलिस को शादी का कार्ड तथा शादी मे दी जाने वाली गाड़ी की बुकिंग स्लिप एवं तिलक कार्यक्रम की फोटो भी सौंपी है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियो के खिलाफ गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है।

# गृह राज्य मंत्री के बेटे की जमानत खारिज होना न्यायपालिका के प्रति विश्वास मे बढ़ोत्तरीः प्रमोद तिवारी

## सीडब्ल्यूसी मेंबर ने दौरा कर सुनी समस्याएं

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य एवं यूपी आउटरीच एण्ड को-आर्डिनेशन कमेटी के प्रभारी प्रमोद तिवारी ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी के पुत्र आशीष मिश्र की लखीमपुर खीरी किसान हत्याकाण्ड को लेकर जमानत खारिज किये जाने के फैसले को न्यायपालिका के प्रति आम लोगों के विश्वास मे बढ़ोत्तरी का ऐतिहासिक फैसला कहा है।

सोमवार को रामपुर खास के दो दिवसीय दौरे पर आये प्रमोद तिवारी ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से यह तथ्य स्पष्ट हो गया है कि यूपी सरकार ने इस घटनाचक्र की पैरवी मे समस्त तथ्यों से न तो अदालत को अवगत कराया था और न ही सीबीआई को ही समुचित जानकारी दी थी। इसके पूर्व प्रमोद तिवारी ने उदयपुर, देउम पूरब, पूरे भगवानदीन, कोठा नेवढ़िया, पूरे नरायनदास, कटेहटी मे लोगों से मुलाकात कर रामपुर खास मे विधायक मोना द्वारा संचालित करायी जा रही विकास योजनाओं के क्रियान्वयन मे सहयोग मांगा। इस मौके पर सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह, भगवती प्रसाद तिवारी, सुधाकर पाण्डेय, रामबोध शुक्ल, लल्लन सिंह, रिंकू सिंह परिहार, अरविंद सिंह, सुरेंद्र सिंह, पवन शुक्ला, इरफान हुसैन, हगपाल यादव आदि रहे।

# पडोसियों ने महिला को पीटा

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी कोतवाली क्षेत्र के दोनवा गांव की रहने वाली धर्मिला पत्नी मुन्ना सिंह सोमवार को पट्टी कोतवाली पहुंची और उसने शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि उसके बगल के रहने वाले दो आरोपी पुरानी रंजिश के कारण उसे हमेशा परेशान करते रहते हैं। उसने बताया कि आरोपित उसके घर के सामने पहुंचे और मां बहन की भद्दी भद्दी गालियां देने लगे। विरोध करने पर पीड़ित महिला को आरोपियों ने लाठी-डंडे से भी मारा पीटा। बीच-बचाव करने आई सास कलावती को भी आरोपियों ने हाथ तथा लात घूसों से उसे पीटकर जख्मी कर दिया। पुलिस शिकायती पत्र लेने के बाद मामले की जांच में जुटी हुई है।

# राज्य स्तरीय स्कूल चलो अभियान पर ऑनलाइन वेबीनार

अखंड भारत संदेश

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** नवीन शैक्षिक सत्र 2022-23 में स्कूल चलो अभियान 2022 के अन्तर्गत परिषदीय विद्यालयों में नवीन नामांकन, ठहराव व लर्निंग आउटकम में वृद्धि किये जाने विषयक एक ऑनलाइन कार्यक्रम आओ स्कूल चले हम का आयोजन एडूलीडर्स द्वारा युट्यूब लिंक पर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिक्षा निदेशक बेसिक डॉ सर्वेन्द्र विक्रम बहादुर सिंह, अति विशिष्ट अतिथि निदेशक साक्षरता एवं अपर शिक्षा निदेशक (बेसिक) ललिता प्रदीप तथा विशिष्ट अतिथि अब्दुल मुबीन सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक ने शिक्षकों का मार्गदर्शन के साथ संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारा शिक्षक उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं।

विगत वर्षों में नामांकन मैं वृद्धि हुई है और कॉन्वेंट स्कूल को मात दे रहे हैं। कार्यक्रम में प्रदेश के अलग-अलग जनपदों से नामांकन वृद्धि व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में रोल माडल बनकर उभरे शिक्षकों द्वारा अपने अनुभवों को साझा किया गया। इसी क्रम में जनपद प्रतापगढ़ के राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक मुहम्मद फरहीम ने अपना प्रस्तुतीकरण पीपीटी के माध्यम से नामांकन वृद्धि, ठहराव एवं लर्निंग आउट कम में वृद्धि पर प्रकाश डाला। संचालन सदके हुसैन ने किया। सयोजन सर्वेष्ट मिश्रा राष्ट्रपति पदक प्राप्त शिक्षक ने किया।



आनलाइन वेबीनार में मौजूद अतिथिगण।

# रोवर्स रेंजर्स से छात्र-छात्राओं बनती हैं आत्मनिर्भरः डा0 बृजभानु

## पीबीपीजी कालेज में चल रहे रोवर्स रेंजर्स का हुआ समापन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रतापगढ़ सिटी में पांच दिवसीय चल रहे रोवर्स रेंजर्स का समापन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ भानु सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला स्काउट कमिश्नर श्री प्रमोद कुमार तिवारी ने रोवर्स रेंजर्स का राष्ट्र के पुनर्निर्माण एवं सामाजिक उन्नयन तथा आपदा से आकस्मिक बचाओ एवं प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताया।

शिविर के मुख्य प्रशिक्षक संजीव कुमार शर्मा ने पांच दिवसीय प्रशिक्षण के बारे में बताते हुए कहा कि इन 5 दिनों में छात्र छात्राओं को आपदा प्रबंधन, आकस्मिक चिकित्सा, सीटी संकेत, टोली बनाना, ध्वज शिष्टाचार, तथा बिना बर्तन के आवश्यकता पड़ने पर भोजन बनाना, कैंप फायर का निर्माण करना खोज चिन्हों और योग ध्यान आसन आदि के बारे में छात्र छात्राओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर बृज भानु सिंह ने कहा कि रोवर्स रेंजर्स द्वारा छात्र-छात्राओं में आत्मनिर्भर एवं स्वयंसेवी, समाजसेवी के गुण विकसित होते हैं जो कुशल प्रशिक्षित स्वयंसेवी की तरह कार्य करने में सक्षम होते हैं। जिला स्काउट सचिव राघवेंद्र पांडे एवं जिला स्काउट मास्टर श्री सुशील सिंह ने रोवर रेंजर की उपयोगिता एवं इसके विभिन्न सामाजिक पहलुओं के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन अशोक कुमार वर्मा ने किया। इस अवसर पर डॉक्टर ब्रह्मानंद प्रताप सिंह, डॉ उपेंद्र कुमार सिंह, डॉ कुलदीप सिंह, डॉक्टर नीरज त्रिपाठी, डॉक्टर नीरज पांडे आदि लोग उपस्थित रहे।



रोवर्स रेंजर्स के समापन पर मौजूद प्राचार्य, शिक्षकगण व छात्र-छात्राएं।

## जमीनी रंजिश में आरोपियों ने मां बेटे को पीटा

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी कोतवाली क्षेत्र के औराइन गांव की रहने वाली राजकुमारी पत्नी मार्कण्डेय ने बताया कि उसके जमीन का विवाद उसके विपक्षी से उसे काफी पुराना चल रहा है। उसने बताया कि जिस जमीन विवाद है उससे अलग उसकी जमीन है जिस पर उसने गेहूं की फसल लगा रखी हैं। सोमवार को उसके विपक्षी एक राय होकर गेहूं की फसल काटने से मना करने लगे। पीड़ित महिला ने जब इस बात के लिए इंकार किया तो सभी लोगों ने महिला को तथा उसके बेटे को जमकर मारा पीटा। पीड़ित महिला पट्टी कोतवाली पहुंची और आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर दिया और मामले में पुलिस से इंसाफ की गुहार लगाई है।

# औचक निरीक्षण मे सीएचसी मे एसडीएम को मिली खामियां, फटकार

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एसडीएम के सीएचसी मे औचक निरीक्षण को लेकर साफ सफाई न होने पर स्वास्थ्यकर्मियों को नाराजगी की जद मे देखा गया। वहीं सीएचसी परिसर मे निमार्णाधीन महिला एवं बाल चिकित्सालय के भी निर्माण कार्य को अधूरा देख एसडीएम का पारा चढ़ आया। एसडीएम अरूण कुमार सिंह ने मंगलवार को नगर स्थित सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परिसर मे महिला एवं बाल चिकित्सालय के भवन को अधूरा देख एसडीएम नाराज हो उठे। उन्होनें कार्यदायी संस्था को स्पष्टीकरण के लिए अधीक्षक को निर्देशित किया। एसडीएम ने स्वयं की ओर से भी निर्माण एजेन्सी की लापरवाही पर डीएम को पत्र भेजे जाने की बात कही। वहीं परिसर मे साफ सफाई की गुणवत्ता न देख अधीक्षक को कड़े निर्देश दिये। एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत चिकित्सा विभाग से जुड़े आयोजनों की रूपरेखा भी प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अधीक्षक डा. अरविंद गुप्ता ने एसडीएम को वांछित जानकारियां दी। निरीक्षण के समय एसडीएम ने आठ गैरहाजिर पाये गये स्वास्थ्यकर्मियों से भी स्पष्टीकरण लिये जाने के निर्देश दिये। एसडीएम के औचक निरीक्षण से सीएचसी मे घंटो हडकम्प का माहौल देखा गया।

## महिला का रक्तरंजित शव बरामद, परिजनों ने हत्या की जताई आशंका

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** घर से अचानक निकली महिला का दूसरे दिन सुबह रक्तरंजित शव देख गांव मे हडकंप मच गया। वहीं परिजनों ने भी महिला की मौत को लेकर हत्या की आशंका जताई है। हालांकि परिजनों की ओर से पुलिस को दी गई तहरीर मे महिला की चोट लगने से मौत का हवाला देते हुए जांच कर कार्रवाई की बात कही गयी है। जेठवारा थाना के दूल्हेपुर निवासी रामसिंह की पत्नी सहदेई 60 रविवार की दोपहर दो बजे वह खाना खाकर घर से निकलीं।

## किशोरी के अपहरण पर चार के खिलाफ केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने किशोरी के अपहरण मे आरोपियो द्वारा पहले से दर्ज मुकदमें में सुलह का दबाव बनाते हुए पीड़ित के घर जमकर हंगामा किया गया। पुलिस ने घटना को लेकर चार आरोपियो के खिलाफ लूट तथा दहशत व गाली गलौज एवं धमकी का केस दर्ज किया है। कोतवाली के साहबगंज बहलोलपुर निवासी त्रिभुवन सिंह के पुत्र अभिमन्यु सिंह ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती सोलह अप्रैल को साहबगंज बहलोलपुर निवासी अरबाज, आमिर पुत्रगण इम्तियाज तथा इम्तियाज व इस्तेखार पुत्रगण मुमताज ने उसके दरवाजे पहुंचकर

# कौशाम्बी संदेश

## खबर संक्षेप

### जिला शतरंज चैंपियन खेल का आयोजन

**कौशाम्बी।** जिला शतरंज खेल संघ और एम वी कान्वेंट स्कूल एन्ड कालेज के संयुक्त तत्वावधान में 20 अप्रैल को आयु वर्ग 14 जिला शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन एम वी कान्वेंट स्कूल एन्ड कालेज ओसा कौशांबी में प्रातः 9 ँ में किया जायेगा सचिव ने बताया इस प्रतियोगिता में जिले के किसी भी गांव और नगर या स्कूल के आयु 14 वर्ग के खिलाड़ी प्रविष्ट कर सकते हैं प्रविष्ट के लिए सचिव राघवेन्द्र शुक्ल से मोबाइल नम्बर 7080066660 वा 8808888720 पर सम्पर्क कर जानकारी ले सकते है सचिव ने बताया कि इस प्रतियोगिता के प्रथम दो खिलाड़ी गाजियाबाद में हो रही राज्य शतरंज चैंपियनशिप में कौशांबी का प्रतिनिधित्व करेगे।

### चेकिंग के दौरान कार्यवाही

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 37 वाहनों का ई चालान किया गया तथा 01 वाहन का चालान कर 500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

# तेज रफ्तार वाहन ने तीन को रौंदा एक की मौत

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना अंतर्गत ग्राम रकसराई और चैपुरवा के बीच बीती रात एक तेज गति वाहन चालक ने 3 लोगों को रौंद दिया है जिससे एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई है जबकि दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हैं जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची है और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घायलों को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है घटना की जानकारी मिलते ही हादसे के शिकार लोगों के परिवार में कोहराम मच गया है।

घटनाक्रम के मुताबिक कमलेश कुमार मिश्र उम्र 65 वर्ष लगभग पुत्र स्व0 कुश मिश्र निवासी ग्राम चित्तापुर से निमंत्रण से वापस लौट रहे थे तभी अज्ञात वाहन ने उनकी साईकल में जोरदार टक्कर मार दिया जिसके कारण बृद्ध की घटनास्थल पर ही मौत हो गई साइकिल सवार को कुचलने के बाद फरार होने के चक्कर मे अज्ञात वाहन ने दो लोगो को और कुचल दिया है यह लोग भी निमंत्रण से लौट रहे थे अनियंत्रित वाहन की चपेट में आने से शिवम भार्गव पुत्र राज भार्गव व हरिश्चन्द्र भार्गव पुत्र शिव प्रसाद निवासी ग्राम लोहकट थाना कौशाम्बी को गंभीर चोटें आई हैं बताया जाता है कि हादसे में हरिशन्द्र का हाथ टूट गया और शिवम की हालत गंभीर होने के कारण प्रयागराज के लिये रेफेर कर दिया गया जहाँ उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है घटना की जानकारी होते ही सराय अकिल पुलिस मौके पर पहुँच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

## दो घायलों का गंभीर हालत में अस्पताल में चल रहा इलाज

## अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवारों को रौंदा एक की मौत दूसरा गंभीर

### हादसे के बाद ट्रक छोड़कर चालक हुआ फरार



दुर्घटना के बाद खड़ा ट्रक

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत अझुवा से कुछ दूर आगे भौंतर मोड़ पर आज देर शाम एक अनियंत्रित ट्रक यूपी 81 ३62 16 ट्रक ड्राइवर ने बाइक सवारों को रौंद दिया जिससे बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जानकारी के अनुसार संजय चौधरी पुत्र धर्मपाल एवं कल्लू पुत्र रामेश्वर निवासी ग्रामसभा कनवार सैनी की तरफ निमंत्रण खाने जा रहे थे ज्योंहि बाइक सवार भौंतर मोड़ पहुंचे अनियंत्रित ट्रक ने रौंद दिया सूचना पर पहुंची अझुवा चौकी पुलिस परिजनों को सूचना देते हुए शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया गम्भीर घायल कल्लू को चौकी इंचार्ज ने जिला अस्पताल में भेज दिया है वही ट्रक ड्राइवर मौके पर ही ट्रक छोड़कर फरार हो गया था जिसे पुलिस ने अपने कस्टडी में ले लिया है मृतक युवक कनवार ग्राम सभा के प्रधान प्रतिनिधि मेवालाल चौधरी का भतीजा बताया जा रहा है। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# 11000 हाई वोल्टेज तारों से हो चुकी है कई जानवरों की मौत



झूलती विद्युत तार

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील के भरसवा विद्युत उप केंद्र पावर हाउस स्थित कठअरे गांव के बाहर खेतों में हाईटेंशन 11000 वोल्टेज तार जमीन को छू रही है गांव के ही तकरीबन पखवाड़े भर के अंदर दर्जनों जानवरों की मौतें हो चुकी हैं जिससे ग्रामीणों में भी दहशत का माहौल है ग्रामीणों का आरोप है विद्युत विभाग के आला अधिकारियों से कई बार इस मामले की शिकायत की गई है मगर अधिकारियों के ढुलमुल रवैए से आए दिन कोई न कोई हादसा होता रहता है गांव के ही भारत तिलक द्विवेदी मुन्ना द्विवेदी आदि लोगों ने जिला अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए विद्युत के ढीले तारों को मरम्मत करवाने की मांग की है।

# ठेकेदार ने खड़ा किया ढांचा विधायक ने कर दिया उद्घाटन

## लाखों खर्च के बाद भी वर्षो बीत जाने के बाद समरसेबल प्याऊ योजना के लाभ से वंचित रह गई जनता बूंद-बूंद पानी को तरस रही जनता

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** माला पहन कर लंबे चौड़े भाषण देना विकास के नाम पर झूठा ढिंढोरा पीटने तक बीते 5 वर्ष का कार्यकाल भाजपा विधायक लाल बहादुर का सीमित रहा है इससे भाजपा विधायक लालबहादुर को वर्ष 2022 के चुनाव में जनता ने किनारे लगा दिया लाल बहादुर विधायक के कार्यकाल में कराए गए विकास कार्य जमीनी हकीकत पर नहीं उतर पाए हैं आम जनता उनके द्वारा कराए गए कार्यों और उनके द्वारा किए गए लोकार्पण शिलान्यास का लाभ नहीं ले पा रही है केवल माला फूल उद्घाटन लोकार्पण तक कार्य सीमित रह गए हैं सरकारी खजाने से विकास कार्यों के नाम पर ठेकेदार अधिकारियों ने जमकर लूटपाट मचाई है जमीनी हकीकत पर योजनाओं का विकास नहीं हो सका है लाल बहादुर के कार्यकाल में कराए गए तमाम कार्यों में मंझनपुर विधानसभा क्षेत्र के चक गांव में जनता को पानी देने की व्यवस्था में पानी की टंकी लगाया जाना था 3000 लीटर की टंकी स्थापित करनी थी और 300 मीटर तक पाइप लाइन बिछाया जाना था लेकिन पाइप लाइन नहीं बिछाई गयी शोपीस के लिए टंकी लगा दी गई है बिजली का कनेक्शन नहीं हो सका एक बूंद समरसेबल से पानी नहीं निकल सका लेकिन माला फूल पहनकर विधायक जिंदाबाद का नारा लगाकर पानी टंकी का उद्घाटन विधायक ने कर दिया विधायक समर्थकों ने उद्घाटन के बाद जमकर ताली बजाई लेकिन विकास की हालत यह रही कि 2 वर्ष बीत जाने के बाद भी इस टंकी से एक बूंद पानी आम जनता को नहीं मिल सका है पाइप लाइन नहीं बिछाई गई है विद्युत कनेक्शन अभी तक नहीं हो सका है यह कह लिया जाए कि केवल कमीशन खोरी और माला फूल पहनकर भाषण बाजी देने तक जनता को पानी देने की योजना सीमित रह गई है यदि मामले में जांच कराई गई तो दोषियों को जेल जाना तय है।




नलकूप के ढांचे का दृश्य



छात्रों को सामग्री बांटते समाजसेवी

## समाजसेवी सभासद ने प्राइमरी स्कूल में बांटे कांपी पेंसिल पेन, बच्चों के खिले चेहरे

**अझुवा कौशाम्बी।** नगर पंचायत अझुवा के उच्च प्राथमिक विद्यालय अझुवा द्वितीय में नगर के सभासद फूल चंद्र केसरवानी ने 280 छात्र छात्राओं को पेन पेंसिल कॉपी रफ पेपर बांटा है ऐसी पाठ्य सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे हैं मौजूद अध्यापक और अभिभावकों ने वरिष्ठ सभासद का आभार व्यक्त किया है फूल चंद्र केसरवानी ने कहा ये एक छोटा सा प्रयास है इस प्रयास को देखकर दूसरे लोग भी ऐसे प्रयास करेंगे वहीं उपस्थित गणमान्य ने कहा कोरोना, मंहगाई से लोग परेशान हैं अभिभावक चाहकर भी अपने नौनिहालों को समय से बच्चों की जरूरत की चीजें उपलब्ध नही करवा पा रहें है सक्षम लोगों को ऐसे ही तमाम प्रयास करना चाहिए इससे बच्चों में पढ़ाई के प्रति जिज्ञासा भी बढ़ती है इस दौरान इंजीनियर राजेन्द्र केसरवानी मीना केसरवानी भी मौजूद रही हैं।

# ससुराल से लौट रहे अधेड़ की मिली लाश जहरखुरानी की आशंका

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र का एक अधेड़ अपनी ससुराल पश्चिम सरीरा थाना क्षेत्र के दानपुर गांव गया था जहां से अधेड़ अपने घर वापस लौट रहा था लेकिन रास्ते में दानपुर के पेट्रोल पंप के पास सड़क किनारे अधेड़ की लाश मिली है आशंका जताई जा रही है कि अधेड़ जहरखुरानी का शिकार हुआ है सोमवार की सुबह 9:00 बजे अधेड़ की खेतों में लाश पड़ी थी सूचना पाकर आसपास के ग्रामीण और पुलिस मौके पर पहुंच गई है अधेड़ की लाश को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है अधेड़ की मौत कैसे हुई है यह रहस्य बरकरार है। घटनाक्रम के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के ताजपुर चकिया गांव निवासी दुर्गा प्रसाद लोधी उम्र लगभग 48 वर्ष पुत्र मंगली प्रसाद लोधी अपनी ससुराल पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के दानपुर गांव गए थे जहां से वह सोमवार की सुबह वापस गांव लौट रहे थे लेकिन गांव नहीं पहुंचे हैं उनकी लाश दादपुर गांव के पेट्रोल पंप के पास खेत में पड़ी मिली है मामले की सूचना ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस को दिया है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने अधेड़ की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है आशंका जताई जा रही है कि अधेड़ जहरखुरानी का शिकार हुए हैं मामले की जानकारी परिजनों को भी दी गई है सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए हैं परिजनों ने बताया कि दुर्गा प्रसाद कि किसी से दुश्मनी नहीं है और वह कुछ दिनों से बीमार भी चल रहे थे परिजनों में किसी के विरुद्ध तहरीर नहीं दिया है।



अधेड़ की मौत के बाद पास खड़े लोग



यातायात वाहन को हरी झण्डी दिखाते सांसद

# दुर्घटना रोकने के लिए सड़क सुरक्षा जागरूकता वैन को किया रवाना

### परिवार व आस-पास के लोगों को भी नियमों का अनुपालन करने हेतु करे प्रेरित

**कौशाम्बी।** परिवहन विभाग द्वारा आयोजित चतुर्थ सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का द्वीप प्रज्ज्वलित कर सांसद ने शुभारम्भ किया तथा सड़क सुरक्षा जागरूकता वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम का आयोजन एमवी कान्वेंट स्कूल एण्ड कॉलेज ओसा मैं किया गया है कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से समाज में जागरूकता आती है उन्होंने कहा कि यातायात नियमों को लेकर सड़क के डिजाइन को लेकर एवं लाइसेन्स को लेकर संसद द्वारा नया एक्ट पारित किया गया है। उन्होंने कहा कि नये एक्ट में अगर सड़क डिजाइन के कारण दुर्घटना होती है तो सम्बन्धित अभियंता अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही करने का प्राविधान है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु प्रधानमंत्री द्वारा पूरा ध्यान दिया गया है। उन्होंने यातायात नियमों के प्रति अपेक्षा की है कि समाज के सभी वर्ग जागरूक होकर स्वयं अनुपालन करें तथा दूसरों को भी जागरूक करें। उन्होंने सभी से यातायात नियमो का पालन करने का आवाह्न करते हुए कहा कि अपनी सुरक्षा अपने हाथ में है। उन्होंने एआरटीओ से कहा कि जिन-जिन स्थानों पर बार-बार दुर्घटना हो रही है, उन सभी को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित कर अग्रिम कार्यवाही हेतु सम्बन्धित उच्चाधिकारियों को सूची उपलब्ध करा दिया जाय इसके साथ ही उन्होंने जनपद के सभी विद्यालयों में इस प्रकार का कार्यक्रम आयोजित कराने की अपेक्षा की जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने कहा कि यातायात नियमों के प्रति जागरूक होकर हम सभी को नियमों का अनुपालन करना चाहिए वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीटबेल्ट जरूर लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनायें प्रतिदिन सामने आती हैं कि यातायात नियमों का पालन न करने के कारण दुर्घटना घटित हुई है, यातायात के नियम हमारी सुरक्षा के लिए हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि आप लोग विश्व के धरोहर हैं, आप लोग यातायात नियमों के प्रति जागरूक होकर नियमो का अनुपालन करें तथा अपने परिवार व आस-पास के लोगों को भी नियमों का अनुपालन करने हेतु प्रेरित करे पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से लोगों में जागरूकता आती है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन न करने के कारण सड़क दुर्घटना होती है तो इसका प्रभाव पूरे परिवार के साथ ही आगामी पीढ़ी पर भी पड़ता है। उन्होंने कहा कि सड़क पर वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन कर खुद सुरक्षित रहें तथा दूसरों को भी सुरक्षित रखें। उन्होंने कहा कि वाहन चलाने से पूर्व वाहन की ब्रेक व टायर का प्रेशर आदि की जॉच अवश्य कर लिया जाय तथा वाहन चलाते समय इन्डीकेटर का प्रयोग व सही समय पर हार्न का प्रयोग करना चाहिए एवं गाड़ी के फिटनेस की जॉच नियमित कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि वाहन में उपलब्ध सेफ्टी फीचर्स की भी जानकारी रखनी चाहिए इस अवसर पर एआरटीओ तारकेश्वर मल्ल ने आम-जन से वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें, तेज गति से वाहन न चलाने अच्छी गुणवत्ता का हेलमेट प्रयोग करने तथा हेलमेट का क्लिप अवश्य बन्द करने का आवाह्न किया।

### टॉप टेन अपराधी तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना करारी पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम बरई बधवा नहर पुलिया के पास से अभियुक्त सुमित उर्फ गुण्डेबाज पुत्र स्व० छेन्द्र सरोज निवासी ग्राम अर्का फतेहपुर थाना करारी को गिरफ्तार कर कब्जे से थाना कोखराज पर पंजीकृत मुकदमा से सम्बन्धित एक अदद चोरी की अपाचे मोटर साइकिल नंबर यूपी 73 एल 8124 तथा जामातलासी से एक अदद तमंचा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस बरामद हुआ गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त जेल भेज दिया है।

### एसपी ने किया बैंको का निरीक्षण

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद के विभिन्न बैंकों को चेक किया साथ ही बैंको में सुरक्षा के दृष्टिगत लगे सीसीटीवी कैमरे व फायर अलार्म का जायजा लिया तथा ड्यूटी पर लगे कर्मचारियों को भी चेक किया व सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेले का हुआ शुभारम्भ

## स्वास्थ्य मेले से समाज के सभी वर्गों एवं व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाय

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार जनपद के सभी ब्लाक स्तरीय स्वास्थ्य इकाईयों में स्वास्थ्य मेले का आयोजन 18 अप्रैल से 23 अप्रैल तक किया जा रहा है ब्लाक मंझनपुर परिसर में आयोजित ब्लाक स्तरीय स्वास्थ्य मेले का फीता काटकर सांसद ने शुभारम्भ किया तथा स्वास्थ्य विभाग व अन्य विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं से सम्बन्धित लगाई गयी स्टालों का अवलोकन किया गर्भवती महिलाओं को पोषण पोटली देकर पोषण युक्त खान-पान की जानकारी दी तथा अध्यक्ष, महिला मंगल दल को खेल सामग्री किट वितरित किया कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार प्रदेश के सभी ब्लाक स्तरीय स्वास्थ्य इकाईयों में स्वास्थ्य मेले का आयोजन 18 अप्रैल से 23 अप्रैल तक किया जा रहा है उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है। जिला चिकित्सालय में अन्य जनपदों के लोग आकर अपना इलाज करवा रहें हैं। उन्होंने कहा कि कोविड संकट के समय में भी कौशाम्बी के चिकित्सकों नर्सो आगनवाडी एवं आशाओं द्वारा प्रशंसनीय कार्य किये गये उन्होंने चिकित्सकों नर्सो आगनवाडी एवं आशाओं से इसी प्रकार का आगे भी कार्य करने की अपेक्षा की उन्होंने कहा कि जनपद में ऑक्सीजन प्लांट लगाने सहित स्वास्थ्य क्षेत्र में अनेक कार्य किये गये जिससे आम-जन को बेहतर से बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध हो सकें सांसद ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन का लाभ समाज के सभी वर्गो एवं व्यक्तियों तक पहुँचे इसके लिए अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराया जाय। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत अभी तक जनपद में लगभग 65 हजार से अधिक परिवारों के गोल्डेन कार्ड बनाये जा चुके हैं उन्होंने शेष रह गये लोगों के भी गोल्डेन कार्ड शीघ्र बनाने की अपेक्षा की जिससे वे भी स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठा सकें उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा हेल्थ कार्ड की शुरूआत की गयी है। उन्होंने कहा कि अन्त्योदय कार्ड धारकों का भी आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डेन कार्ड बनाये जा रहे है तथा श्रमिकों मजदूरों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए सरकार विचार-विमर्श कर रही हैं स्वास्थ्य मेले में उपस्थित महिलाओं को स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं शिशुओं के टीकाकरण गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य देखभाल एवं टीकाकरण आदि के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी इस अवसर पर जिलाधिकारी सुजीत कुमार, मुख्य विकास अधिकारी शशिकान्त त्रिपाठी एवं मुख्य चिकित्साधिकारी केसीराय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।



स्वास्थ्य मेले में ग्रामीण महिलाएं व विभागीय लोग

# 4 वर्षों में दिया दर्जनों प्रार्थना पत्र न्याय शून्य

## 12 दिन की मजदूरी की रकम बैंक खाते से निकाल लिए जाने के बाद साढ़े 4 वर्षों से अधिकारियों का चक्कर काट रहा है मनरेगा मजदूर

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** योगीराज में गजब की कानून व्यवस्था है सरकार रोजगार देने की बात कर रही है लेकिन मजदूरी की रकम गरीबों के बैंक खाते से गायब कर दी जाती है जिससे गरीब मेहनत करने के बाद भी मजदूरी की रकम नहीं पाते हैं जिले के विभिन्न विकास खंड क्षेत्र में पंचायत विभाग के लोगों के साठ गांठ से बैंकों से फर्जी भुगतान का खेल बेखौफ तरीके से हो रहा है आए दिन अधिकारियों की चौखट पर मनरेगा मजदूर शिकायती पत्र लेकर न्याय मांग रहे हैं लेकिन न्याय के नाम पर उन्हें केवल आश्वासन मिल रहा है न्याय के लिए अधिकारियों की चौखट में गरीब दौड़ लगाते हैं लेकिन केवल जांच और कार्यवाही का आश्वासन मिलता है जिससे गरीब परेशान हैं और हेराफेरी करने वाले लोग मौज कर रहे हैं मामला अधिकारियों के भी संज्ञान में है लेकिन उसके बाद भी केवल शिकायती प्रार्थना पत्रों को थाने भेज कर अधिकारी भी अपनी जिम्मेदारी से मुक्ति पा लेते हैं जिससे न्याय व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई है लेकिन न्याय की आस लगाए मजदूर भी अधिकारियों का पीछा नहीं छोड़ रहे हैं न्याय पाने की आस में पीड़ित ने हेराफेरी की रकम से अधिक रकम भाड़े और किराए में खर्च कर दिया है लेकिन उसके बाद भी उन्हें न्याय नहीं मिल सका है ताजा मामला कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र के अंबाई बुजुर्ग गांव का है। जानकारी के मुताबिक हरि लाल पुत्र ननखुड्डा ग्राम पंचायत अंबाई बुजुर्ग ने 12 दिन मनरेगा में मजदूरी किया थे जिस पर उसके बैंक खाते में 17 अप्रैल 2017 को 2088 रुपए मनरेगा योजना के तहत भेजे गए थे लेकिन वह रकम नहीं निकाल सका और पंचायत विभाग से जुड़े लोगों ने बैंक से सांठगांठ कर उसके बैंक खाते से मनरेगा मजदूरी की रकम 22 सो रुपए निकाल लिया जब मजदूर को मनरेगा मजदूरी बैंक खाते से निकल जाने की जानकारी हुई तो वह अपनी रकम पाने के लिए अधिकारियों की चौखट पर फरियाद करने लगा बैंक से रकम निकल जाने की जानकारी 19 सितंबर 2017 को मनरेगा मजदूर को हुई लगातार 4 वर्षों से पीड़ित मनरेगा मजदूर थाने से लेकर अधिकारियों की चौखट तक दर्जनों शिकायतें पत्र दे चुका है अधिकारियों ने थानेदार को कार्यवाही का निर्देश भी दिया है लेकिन कार्रवाई के नाम पर शून्य रहा हरिलाल का अकेला मामला नहीं है जिले में तमाम मनरेगा मजदूर ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव क्या बैंक से सांठगांठ के चलते भ्रष्टाचार का शिकार हो रहे हैं और उन्हें जांच के नाम पर केवल आश्वासन मिलता है आखिर कब तक पंचायत सचिव ग्राम प्रधान की बैंक से सांठगांठ के चलते मजदूरों की रकम बैंक खाते से निकलती रहेगी और बैंक अधिकारी लापरवाह बने रहेंगे यह बड़ी जांच का विषय है यदि मामले में निष्पक्ष जांच हुई तो कई बैंक अधिकारियों के साथ-साथ पंचायत सचिव और ग्राम प्रधानों पर मुकदमा दर्ज हो सकता है लेकिन क्या निष्पक्ष जांच होगी यह बड़ा सवाल है।

### शराब के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जिले में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अवैध शराब के निर्माण एंव तस्करी के अभियान के क्रम में अलग अलग थानों द्वारा तीन अभियुक्तो को गिरफ्तार करते हुए 40 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्तो का चालान न्यायालय कर दिया है जानकरी के मुताबिक थाना मोहब्बतपुर पाइंस पुलिस बल द्वारा अभियुक्त कल्लू सरोज पुत्र स्व0 रतने निवासी घटमापुर थाना मोहब्बतपुर पइन्सा को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना चरवा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त कनाहीलाल पुत्र स्व० सरजू निवासी कयामुद्दीनपुर थाना चरवा को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया हैं। इसी प्रकार थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा अभियुक्त विजय राज पुत्र भुल्लू निवासी जमुनापुर थाना महेवाघाट को गिरफ्तार कर कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 04 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना कोखराज से 01 थाना सराय अकिल से 02 थाना मोहब्बतपुर पइन्सा से 01 कुल 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया है।

## सूचना

मैं राम आसरे सुत महादेव निवासी चौरही बजहाभीट थाना मानिकपुर प्रतापगढ़। मेरे पांच पुत्र है। जिनमे सुनील कुमार व राजेश कुमार का चाल चलन ठीक नहीं है। इनका असमाजिक तत्वों से सम्बंध है। मेरे कहने सुनने में नही है। ऐसी स्थिति में आज से इन्हें अपने समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। आज से इनका मुझसे कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा।

राम आसरे

## संपादकीय

# लोकतांत्रिक व्यवस्था में 'सर्वोदय' की भावना

**भार**त में शिक्षा का आयोजन किस प्रकार हो ? यह समाज और सरकार दोनों के लिए केंद्रीय सरोकार है। ज्ञान की अभिवृद्धि, समाज के मानस-निर्माण, कुशलता, उत्पादकता तथा सांस्कृतिक और सर्जनात्मक उन्मेष आदि अनेक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए शिक्षा महत्व निर्विवाद है। यह तथ्य भी किसी से छिपा नहीं है कि आज के युग में सामान्यतः औपचारिक शिक्षा की प्रक्रिया से गुजर कर ही प्रौढ़ जीवन में सार्थक प्रवेश मिल पाता है। जो शिक्षा और उसकी कसौटी पर खरे उतरते हैं वे जीविका की दौड़ में आगे बढ़ जाते हैं और जीवन में कामयाबी हासिल करते हैं। इसलिए शिक्षा को लेकर विद्यार्थी, अध्यापक और अभिभावक सभी के मन में आशाएं पलती रहती हैं। भारत की जनसंख्या में युवा-वर्ग के अनुपात में वृद्धि के साथ शिक्षा व्यवस्था पर दबाव बढ़ता जा रहा है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में सर्वोदय की भावना भी है और हमारी अपेक्षा है कि असमानता को दूर करने और सामाजिक-आर्थिक खाई को पाटने के लिए शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का कारगर उपाय साबित होगी। इन सारी महत्वाकांक्षाओं के मद्देनजर गौर करें तो शिक्षा की जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती दिखती है। शिक्षा से जुड़े लोगों का विचार है कि स्वतंत्रता मिलने के बाद शिक्षितों और शिक्षा केन्द्रों की संख्या तो जरूर बढ़ी है पर शिक्षा-तंत्र कई तरह के विकारों से अधिकाधिक ग्रस्त भी होता गया है जिसके चलते शिक्षा वह सब कर पाने में पिछड़ रही है जिसकी उससे अपेक्षा थी। शिक्षा से जुड़े बहुत से सवाल मसलन- शिक्षा किसलिए दी जाय ? शिक्षा कैसे दी जाय ? शिक्षा का भारतीय संस्कृति और वैश्विक क्षितिज पर उभरते ज्ञान-परिदृश्य से क्या सम्बन्ध हो ? शिक्षा की विषयवस्तु क्या और कितनी हो ? उठाए जाते रहे हैं और सरकारी नीति के मुताबिक समय-समय पर टुकड़े-टुकड़े कुछ-कुछ किया जाता रहा। मुख्य परिवर्तन की बात करें तो स्कूली अध्यापकों के लिए प्रशिक्षण (बीएड) बड़े पैमाने पर शुरू हुआ, एनसीआरटी ने राष्ट्रीय स्तर पर मानक पाठ्यक्रम की रूपरेखा और पाठ्य पुस्तकें तैयार कीं, छात्रों के लिए शिक्षा-काल की अवधि में इजाफा हुआ, सेमेस्टर प्रणाली चली, बहु विकल्प वाले वातुनिष्ठ (आब्जेक्टिव) प्रश्न का परीक्षा में उपयोग होने लगा , अध्यापकों के लिए पुनश्चर्या कार्यक्रम शुरू हुए और अध्यापकों के प्रोन्नति के लिए अकादमिक निष्पादन सूचक (ए पी आई) लागू किये जाने जैसे सुधारों का जिक्र किया जा सकता है। इन सबसे कई तरह के बदलाव आए हैं जिनके मिश्रित परिणाम हुए हैं। इस बीच शिक्षा का परिप्रेक्ष्य भी बदला है और शिक्षा व्यवस्था में कई तरह की विविधताएँ भी आई हैं। खासतौर पर व्यावसायिक परिदृश्य की जटिलताओं के साथ शिक्षा ने कई दिशाओं में कदम बढ़ाया है। बाजार की जरूरत के हिसाब से कई बदलाव आए हैं और सार्वजनिक क्षेत्र की तुलना में शिक्षा के निजी क्षेत्र का तीव्र और बड़ा विस्तार हुआ है। शिक्षा के परिदृश्य का यह पहलू इस बात से भी जुड़ा हुआ कि सरकार की ओर से न पर्याप्त निवेश हो सका और न व्यवस्था ही कारगर हो सकी। इसका एक ही उदाहरण काफी होगा। दिल्ली जैसे प्रतिष्ठित केन्द्रीय विश्वविद्यालय और ऐसे ही अनेक संस्थानों में अध्यापकों के हजारों पद वर्षों से खाली पड़े हैं।

# क्यों हिन्दू पर्व हिंसा का शिकार हों?

ललित गर्ग

प्रश्न उठता है, आखिर सार्वभौम मानव धर्म क्या है? भारतीय दृष्टि में पाश्चात्य मत ही धर्म की अवधारणा एकांगी और सम्प्रदाय की अवधारणा के अधिक नजदीक है। जबकि धर्म शब्द ह्वरिलिजनह्न से ज्यादा व्यापक है। भारतीयों ने इस शब्द का प्रयोग कभी सम्प्रदाय या पंथ के लिए नहीं किया, अपितु सर्वश्रेष्ठ जीवन मूल्यों, अहिंसा, सत्य, दया, प्रेम, करुणा, सह-अस्तित्व, सहिष्णुता तथा मानवता के लिए किया। अन्याय का प्रतिकार करना आत्मा का गुण-धर्म है। असत्य से सत्य की ओर, अंधकार से प्रकाश की ओर, मृत्यु से जीवन की ओर, हिंसा से अहिंसा की ओर तथा भोग से त्याग की ओर जाना ही धर्म है

**रामनवमी** एवं हनुमान जयन्ती पर एक सम्प्रदाय विशेष के लोगों ने जो हिंसा, नफरत एवं द्वेष को हथियार बनाकर अशांति फैलायी, वह भारत की एकता, अखण्डता एवं भाईचारे की संस्कृति को क्षति पहुंचाने का माध्यम बनी है। क्या इससे बुरी बात और कोई हो सकती है कि क्यों शांति एवं सद्भाव का संदेश देने वाले पर्व और उनसे जुड़े आयोजन हिंसा का शिकार हों? ध्यान रहे कि जब ऐसा होता है तो बैर बढ़ने के साथ देश की छवि पर भी बुरा असर पड़ता है। निःसंदेह इस सम्प्रदाय विशेष को भी यह समझने की आवश्यकता है कि जब देश कई चुनौतियों से दो-चार है, तब राष्ट्रीय एकता एवं सद्भाव को बल देना सबकी पहली और साझी प्राथमिकता बननी चाहिए। ताली एक हाथ से नहीं बज सकती। एक विभाजित और वैमनस्यग्रस्त समाज न तो अपना भला कर सकता है और न ही देश को आगे ले जा सकता है। समय आ गया है कि उन मूल कारणों पर विचार किया जाए, जिनके चलते तनाव बढ़ाने वाली घटनाएं थम नहीं रही हैं।

विडंबना यह है कि हिंसा, असहिष्णुता और घृणा की ये घटनाएं भगवान श्रीराम के जन्मदिन पर हुई, जो मयार्दा पुरुषोत्तम कहलाते हैं, जो भारतीयता के प्रतीक है और नीतिपरायणता की साक्षात मिसाल हैं। ऐसी दिव्यआत्मा की जन्मजयन्ती पर देश के विभिन्न भागों में शोभायात्राओं पर हमले होना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि यह राष्ट्रीय एकता को आघात पहुंचाने की कुचेष्टा भी है। अभी रामनवमी पर हमलों एवं अशांति फैलाने की घटनाओं की चर्चा जारी ही थी कि दिल्ली में हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई एक शोभायात्रा भी हिंसा की चपेट में आ गई। इसी तरह की हिंसा हरिद्वार में भी हुई और आंध्र एवं कर्नाटक के शहरों में भी। इसके पहले हिंदू नववर्ष के अवसर पर भी हिंसक घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें राजस्थान के करौली की घटना की गूंज तो अभी तक सुनाई दे रही है। ऐसी घटनाएं सामाजिक तानेबाने को क्षति पहुंचाने के साथ कानून एवं व्यवस्था के समक्ष चुनौती भी खड़ी करती हैं। यह चिंता की बात है कि यह एक चलन सा बनता जा रहा है कि जब सार्वजनिक स्थलों पर कोई धार्मिक आयोजन होता है तो प्रायः पहले किसी बात को लेकर विवाद होता है और फिर हिंसा शुरू हो जाती है। कई बार तो यह हिंसा बड़े पैमाने पर और किसी सुनियोजित साजिश के तहत होती



दिखती है। मध्य प्रदेश के खरगोन और गुजरात के हिम्मतनगर एवं खंभात में हुई भीषण हिंसा यही संकेत करती है कि उसे लेकर पूरी तैयारी की गई थी। दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके की हिंसा भी इसी ओर इशारा कर रही है। देश का चरित्र बनाना है तथा स्वस्थ, सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण समाज की रचना करनी है तो हमें एक ऐसी आचार संहिता को स्वीकार करना होगा जो जीवन में पवित्रता दे। राष्ट्रीय प्रेम व स्वस्थ समाज की रचना की दृष्टि दे। कदाचार के इस अंधेरे कुएँ से निकाले। बिना इसके देश का विकास और भौतिक उपलब्धियां बेमानी हैं। व्यक्ति, परिवार और राष्ट्रीय स्तर पर हमारे इरादों की शुद्धता महत्व रखती है, जबकि हमने इसका राजनीतिकरण कर परिणाम को महत्व दे दिया। घटिया उत्पादन के पर्याय के रूप में जाना जाने वाला जापान आज अपनी जीवन शैली को बदल कर उत्कृष्ट उत्पादन का प्रतीक बन विश्वविख्यात हो गया। यह राष्ट्रीय जीवन शैली की पवित्रता का प्रतीक है। इसी तरह भारत भी आज विश्वविख्यात होने की दिशा में अग्रसर हो रहा है, तो उसकी बढ़ती साख एवं समझ को खण्डित करने वाली शक्तियों को सावधान करना ही होगा। भारत जैसी माटी में जन्म लेना बड़ी मुश्किल से मिलता है। विश्व बंधुत्व एवं वसुधैव कुटुम्बकम की विचारधारा वाला यह राष्ट्र विभिन्न संस्कृतियों एवं सम्प्रदायों को अपने में समेटे है तो यह यहां के बहुसंख्यक समुदाय की उदार सोच का ही परिणाम रहा है, इसी बहुसंख्यक हिन्दू समुदाय को आखिर कब तक कमजोर किया जाता रहेगा? क्यों किया जायेगा? कल पर कुछ मत छोड़िए। कल जो बीत गया और कल जो आने वाला है- दोनों ही हमारी पीठ के समान हैं, जिसे हम देख नहीं सकते। आज हमारी हथेली है, जिसकी रेखाओं को हम देख सकते हैं। अब हथेली की रेखाओं को कमजोर करने एवं उसे लहूलुहान होते हुए नहीं देखा जा सकता? ताजा घटनाओं के मूल में भड़काऊ नारे एवं संकीर्ण राजनीति के मनसूंबे सामने आये हैं। इन आरोपों की जांच होने के साथ यह भी देखा जाना चाहिए कि क्या कुछ राजनीतिक दल किसी भी बहाने भड़कने और हिंसा करने के लिए तैयार बैठे रहते हैं? वास्तव में जैसे यह एक सवाल है कि क्या भारतीय संस्कृति के अस्तित्व एवं अस्मिता से जुड़े इन धार्मिक आयोजनों पर पथराव, तोड़फोड़ और आगजनी करना जरूरी समझ लिया गया है? इन प्रश्नों पर दलगत राजनीति से परे होकर गंभीरता के साथ विचार होना चाहिए। इसी तरह पुलिस प्रशासन को भी यह देखना होगा कि वैमनस्य बढ़ाने वाली घटनाएं क्यों बढ़ती चली जा रही हैं? हिजाब, हलाल और अजान के नाम पर साम्प्रदायिक शक्तियों को संगठित करने एवं दूसरे धर्मों के आयोजनों पर हिंसक हमलों ने आज तेजी के साथ हिंसा, असहिष्णुता, नफरत, बिखराव और घृणा की साम्प्रदायिक जीवन शैली का रूप ग्रहण कर लिया है। यह खतरनाक स्थिति है, कारण सबको अपनी-अपनी पहचान समाप्त होने का खतरा दिख रहा है। भारत मुस्लिम सम्प्रदायवाद से आतंकित रहा है। जब इस्लामवाद भारत की मूल संस्कृति को लहूलुहान करने पर आमादा दिख रहा है और प्रतिक्रिया स्वरूप यदि उदार हिन्दू भी इसी आधार पर गोल बन्द हो रहे हैं तो गलती किनकी मानी जायेगी। आवश्यकता है धर्म को प्रतिष्ठापित करने के बहाने राजनीति का खेल न खेला जाए। धर्म और सम्प्रदाय के भेद को गड्मड् न करें। धर्म सम्प्रदाय से ऊपर है। राजनीति में सम्प्रदाय न आये, नैतिकता आए, आदर्श आए, श्रेष्ठ मूल्य आएँ, सहिष्णुता आये, सह-अस्तित्व के प्राचीन मूल्य एवं जीवनशैली आये। नैतिकता मनुष्य की मूलभूत आवश्यकता है। कर्तव्य और त्याग भावना पूर्ति करने वाली है। अतः न ही इनका विरोध हो और न ही इनकी तरफ से दृष्टि मोड़ लेना उचित है। अतः सम्प्रदायवाद से ऊपर उठकर सार्वभौम धर्म का साक्षात्कार ही हममें नवीन आत्मविश्वास, सशक्त भारत-विकसित भारत का संचार करेगा। जो समाज को धारण करे, उसे धर्म कहते हैं। लेकिन आज के युग में इसका सीधा अर्थ हिन्दू, मुसलमान, सिख, ईसाई, बौद्ध और जैन आदि में से किसी एक को लिया जाता है। उपनिषदों में कहा गया है कि सभी मनुष्य सुखी हों, सभी भयमुक्त हों, सभी एक-दूसरे को भाई समान समझें। यह भारतीय धर्म चिन्तन का निचोड़ है और यही हिन्दू धर्म का निचोड़ है। जहां विश्व एक ही नीड़-सा लगे।

प्रश्न उठता है, आखिर सार्वभौम मानव धर्म क्या है? भारतीय दृष्टि में पाश्चात्य मत ही धर्म की अवधारणा एकांगी और सम्प्रदाय की अवधारणा के अधिक नजदीक है। जबकि धर्म शब्द रिलिजन से ज्यादा व्यापक है। भारतीयों ने इस शब्द का प्रयोग कभी सम्प्रदाय या पंथ के लिए नहीं किया, अपितु सर्वश्रेष्ठ जीवन मूल्यों, अहिंसा, सत्य, दया, प्रेम, करुणा, सह-अस्तित्व, सहिष्णुता तथा मानवता के लिए किया। अन्याय का प्रतिकार करना आत्मा का गुण-धर्म है। असत्य से सत्य की ओर, अंधकार से प्रकाश की ओर, मृत्यु से जीवन की ओर, हिंसा से अहिंसा की ओर तथा भोग से त्याग की ओर जाना ही धर्म है। यह धर्म देश, काल की सीमा तक सीमित न रहकर देशकालातीत है।

# फूल उड़ाकर प्यार लुटाते, पत्थर फेंक घृणा फैलाई

**नरेंद्र तिवारी 'पत्रकार'**

इस बार देश में रामनवमी पर हिन्दू समाज विशेष उत्साहित नजर आ रहा था। जिसके बहुत से कारणों में एक श्रीराम मंदिर के निर्माण की प्रक्रिया का आरम्भ हो जाना भी है। इसी उत्साह में शहर-शहर शोभायात्राएं निकाली गई। इन शोभायात्राओं पर मध्यप्रदेश, गुजरात, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल सहित देश मे अनेकों स्थानों पर उपद्रवियों ने पथराव किया ओर साम्प्रदायिक तनाव का माहौल निर्मित हो गया। इस उपद्रव ने एमपी के खरगोन को गहरे जख्म दिए है। यहां बरसों का भाईचारा सन्देह की निगाहों से देखा जाने लगा है। इस प्रेम और भाईचारें को कायम करने में लम्बा समय लगेगा। खरगोन की हिंसा में पथराव के साथ पेट्रोल बम, पिस्टल ओर धारदार हथियारों का उपयोग किया गया। इन उपद्रवियों ने हिंसा की सारी सीमाएं लांघते हुए खरगोन जिला पुलिस अधीक्षक पर भी पिस्टल से फॉयर किया जिससे उनके पैर में चोट पहुचीं हैं। महिलाओं को प्रताड़ित किया छोटे बच्चों तक पर आक्रमण किये है। पथराव की घटना बड़वानी जिले की सेंधवा तहसील में भी घटित हुई जहां ग्राम बड़गांव से सेंधवा शोभायात्रा में शामिल होने आ रहे ग्रामीणों पर वर्ग विशेष के लोगो द्वारा पथराव कर दिया गया। जिसमें सेंधवा शहर थाना प्रभारी सहित 5 लोग घायल हो गए। इन घटनाओं के बाद शहर में तेजी से तनाव फैलने लगा खासतौर पर खरगोन में साम्प्रदायिक तनाव फैल गया। हिंसा तोड़फोड़ के वीडियो दिल दहला देने वाले है। दंगों में प्रयुक्त साधनों से यह साफ नजर आता है कि यह दंगा सुनियोजित है। खरगोन ओर सेंधवा में इन घटनाकर्मों के बाद उपद्रवियों के अवैध निमार्णों को तोड़ने की कार्यवाहीं की गई जिसमें सेंधवा में 13 ओर खरगोन में 55 से अधिक मकानों पर बोलडोजर चला दिए गए। बकौल मध्यप्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा पथराव करने वालो के मकानों को पत्थर बना दिया जाएगा। रामनवमी पर फैले साम्प्रदायिक तनाव के बाद राजनैतिक ओर सामाजिक संगठनों द्वारा प्रशासन की कार्यवाहीं पर सवालिया निशान लगाया जा रहा है। कार्यवाहीं को अल्पसंख्यकों के साथ ज्यादती बताया जा रहा है। प्रशासन द्वारा उपद्रवियों के वीडियो फुटेज के आधार पर कार्यवाहीं करना बताया जा रहा है। प्रशासन की कार्यवाहीं कुछ मामलों में शंकास्पद भी हो सकती है। किंतु पूरी कार्यवाहीं को अनुचित मानना भी ठीक नहीं होगा। इस पूरे घटनाक्रम में आश्चर्य पैदा करने वाली बात यह है कि किसी भी अल्पसंख्यक नेता या सामाजिक संगठनों द्वारा पथराव ओर सुनियोजित दंगो की आलोचना तक नहीं की गयी। भोपाल में गृहमंत्री से मिले अल्पसंख्यक नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने वर्ग विशेष के साथ दुर्भावना से कार्यवाहीं किये जाने का आरोप लगाया। यहां भी हिंसा,पथराव ओर नृशंसता की निंदा करने की जहमत किसी ने नहीं उठाई। इन सारे घटनाक्रमों के मध्य समाज मे गहरी खाई पैदा होती जा रहीं है। अल्पसंख्यक समाज के प्रति बहुसंख्यक समाज मे न सिर्फ आक्रोश अपितु घृणा का भाव निर्मित होता जा रहा है। यहां यह भी कहना लाजमी होगा कि इस हिंसक कार्यवाहीं में सम्पूर्ण अल्पसख्यंक समाज को दोषी नहीं माना जाना चाहिए। इन सब हालातों के मध्यनजर अल्पसंख्यक समुदाय को भारतीय परिवेश में ढलने की आवश्यकता दिखाई दे रहीं है। यह सहीं है कि कुछ समय से सारे भारत मे उग्र हिदुत्व का वातावरण निर्मित हो गया है। बावजूद इसके हिन्दू समाज ने कभी किसी भी धार्मिक जुलूस पर पथराव नहीं किया। राजनैतिक दलों से प्रेरित हिंदुत्व जरूर कट्टरपंथ की भाषा बोलने लगा है। इसी कट्टरपंथ से प्रेरित समाज भड़कीले भाषणों, गानों, पोस्टरों के माध्यम से माहौल को कसेला बनाए रखने की कोशिश करने में लगा हुआ हैं। इन सबके बावजूद भी अधिसंख्य बहुसख्यक समाज कट्टरपंथ से दूर है। यह सनातनी परम्पराओं का प्रभाव है कि अपने संस्कारों से बंधा बहुसख्यक समाज उतना कट्टरपंथी नहीं है जितना कि अल्पसख्यक समाज मे कट्टरपंथ व्याप्त है। इसका कारण बहुसंख्यक समाज का सनातनी परम्पराओं से संस्कारित होना हैं। जिस समाज में चीटी से लगाकर पशु-पक्षी तक का ख्याल रखा जाता हो, पेड़-पौधे नदी और प्रकृति को ईश्वर तुल्य माना जाता हो,वह समाज कभी भी हिंसक नहीं हो सकता है। उसे कट्टर ओर हिंसक बनाने के प्रयास कभी भी सफल नहीं हो सकतें हैं। इन्ही सनातनी परंपराओ को सींखने ओर अपनाने की आवश्यकता अल्पसख्यक समाज को भी है।

## अभिव्यक्ति

# राजस्थान में नहर विवाद बनेगा चुनावी मुद्दा

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**राजस्थान** में पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को लेकर कांग्रेस व भाजपा में विवाद बढ़ गया है। इस परियोजना को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमलावर हो रहे हैं। मुख्यमंत्री गहलोत का कहना है कि 2018 के विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जयपुर व अजमेर की जनसभा में राजस्थान के 13 जिलों को मीठा पानी उपलब्ध कराने वाली पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की बात कही थी। जिसे अभी तक पूरा नहीं किया गया है। इस परियोजना को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजस्थान की जनता से वादाखिलाफी कर रहे हैं। गहलोत का कहना है कि यदि केंद्र सरकार इस परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा दे देती है तो परियोजना की कुल लागत का 90 प्रतिशत खर्चा केंद्र सरकार उपलब्ध करा देगी। राज्य सरकार को मात्र 10 प्रतिशत राशि ही खर्च करनी पड़ेगी। ऐसे में 40 हजार करोड़ रुपयों वाली इस बड़ी परियोजना को धन की उपलब्धता के चलते जल्दी पूरा किया जा सकेगा। जिससे प्रदेश के 13 जिलों का कायाकल्प हो जाएगा। इन 13 जिलों के करीबन साढ़े तीन करोड़ से अधिक लोगों को जहां पीने को मीठा पानी उपलब्ध हो सकेगा। वहीं डेढ़ से दो लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई भी होगी। जिससे लोगों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। यह नहर परियोजना पूरी होने पर पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों के लोगों के लिए एक नई जीवनदायिनी साबित होगी। दरअसल इस विवाद की शुरूआत जल जीवन मिशन पर जयपुर में 9 राज्यों की रीजनल कॉन्फ्रेंस के दौरान हुई थी। जहां केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और राजस्थान के जलदाय मंत्री महेश जोशी पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना के मुद्दे पर भीड़ गए थे। महेश जोशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वादे का हवाला देकर पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की मांग रखी थी। इस पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने महेश जोशी को भाषण के बीच में ही टोकते हुए कह दिया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अजमेर के सभा में उक्त नहर परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने पर एक शब्द बोला हो तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा।

शेखावत ने जोशी से कहा कि बोलने से पहले आप रिकॉर्ड चेक कर लीजिए। आपके पास वीडियो नहीं है तो दोनों कार्यक्रमों के वीडियो में आपको भेज देता हूं। जिस अजमेर की मीटिंग को आप मेंशन कर रहे हो प्रधानमंत्री ने अजमेर की मीटिंग में एक शब्द भी इस बारे में नहीं कहा। उन्होने केवल प्रस्ताव प्राप्त होने की बात कही थी। हमें एक बार रिकॉर्ड चेक करके सुनिश्चित करने के बाद ही बोलना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं दावे से कहता हूं कि अजमेर की मीटिंग में एक शब्द बोला हो तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा या आप के मुख्यमंत्री राजनीति छोड़ दें। इस तरह की बात कहने का यह तो मंच नहीं है। महेश जोशी ने कहा था कि पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित किया जाना बहुत जरूरी है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान में दो बार इस परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देने का वादा किया था। चाहे जो भी परिस्थिति हो इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित किया जाना चाहिए। राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की सरकार ने 2017-18 के बजट में पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना की घोषणा की थी। इस परियोजना में राजस्थान के जयपुर, दौसा, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, अजमेर, टोंक, बूंदी, कोटा, बारां और झालावाड़ सहित कुल 13 जिले शामिल है। इस परियोजना के पूरा होने पर 13 जिलों में पेयजल और सिंचाई की सुविधा मिलने लगेगी। इस परियोजना में 6 बैराज और एक बांध बनाया जाएगा। नदियों और बांधों को आपस में जोड़ने के लिए 1268 किलोमीटर लंबी नहरे बनेगी।

इस परियोजना की लागत फिलहाल 38 हजार करोड रुपए आंकी गई है। इस परियोजना पर अभी तक राज्य सरकार ने अपने बजट से करीबन एक हजार करोड रुपए से अधिक की राशि खर्च कर कई जिलों में बैराज निर्माण कार्य शुरू करवाए हैं।

# कोरोना की चौथी लहर, कितने तैयार हैं हम?

**आर.के. सिन्हा**

**पिछले** साल अप्रैल के महीने में आई कोरोना वायरस की भीषण लहर ने देश में प्रलय मचा कर रख दी थी। उन दिनों को याद करके भी घबराहट होने लगती है। एक साल के बाद फिर से कोरोना की चौथी लहर का खतरा हमारे सामने है। कोरोना के नये केस सामने आ रहे हैं। इनकी संख्या में लगातार वृद्धि भी हो रही है। इससे पहले कोरोना के ओमिक्रान वैरियंट के लगभग बेअसर रहने के बाद यह उम्मीद बंधी थी कि कोरोना का अब नाश हो गया है। लेकिन, कहते ही हैं कि वायरस कभी खत्म नहीं होता। हां,उसका असर कमजोर पड़ने लगता है। तो ओमिक्रान के बाद आने और चले जाने के बाद यही लग रहा है कि अगर चौथी लहर आई भी तो वह भी समुद्री लहर की तरह सागर किनारे आकर वापस चली जाएगी। यानी वह घातक नहीं होगी। पर यह सब पक्के से तो नहीं कहा जा सकता है। देखिए कोरोना के नए-नए वेरिएंट्स अपने साथ नए-नए लक्षण साथ लेकर आने लगे हैं। एक बात पर आपने गौर किया होगा कि जैसे ही कोरोना के नियमों में ढील दी जाने लगी. लगभग तब ही कोरोना फिर से सामने आ गया। इसने लोगों को अपनी चपेट में लेना चालू कर दिया। स्कूल-कॉलेज खुले तो छात्रों में कोरोना फैलना शुरू हो गया है। तो बहुत साफ है कि कोरोना का असर कम भी होने पर मास्क लगाना ही होगा तथा सामाजिक दूरी अपनानी ही होगी।

हाल ही में आईआईटी-कानपुर ने अपने एक शोध के बाद दावा किया है कि भारत में जून में कोरोना की चौथी लहर आ सकती है। यह कहना होगा कि जिस प्रकार से कोरोना के नए मामले बढ़ रहे हैं, उसे देखकर लगता है आईआईटी का दावा सही हो सकता है। पर क्या यह दूसरी लहर जितनी घातक होगी? इस सवाल का जवबा देने की स्थिति में तो अभी कोई नहीं है। बहरहाल, जिस किसी ने कोरोना की दोनों डोज ले ली है, वे काफी हद तक सुरक्षित हो गए हैं। उन पर कोरोना के नए-नए वेरियंट का असर कम होगा। अब कहा जा रहा है कि 18 से 59 साल तक की उम्र के लोगों को भी ऐहतियातन बूस्टर डोज लगवा लेनी चाहिए। लेकिन, यह जानना आवश्यक है कि टीका लगवाने के बाद जो ऐंटिबॉडी बनती है, वह ज्यादातर मामलों में 8 महीनों तक ही रहती है। एक बात और कि फिलहाल तीसरी डोज उन लोगों को लगवा लेनी चाहिए जिनकी इम्यूनिटी कमजोर है। इसे अस्पतालों, पुलिस तथा बैंकों कर्मियों को लगवा लेनी चाहिए। कैंसर, लिवर, किडनी, हार्ट, लंग्स खासकर टीबी की बीमारी के रोगी भी इसे लगवा लें। देखिए कोरोना के नए-नए वेरिएंट्स अपने साथ पहले से अलग नए लक्षण लेकर आ रहे हैं। जैसे कि कंपकंपी के साथ बुखार होना या थकान महसूस करना, शरीर में दर्द होना, गले में खराश, नाक का बहना या बंद होना आदि। खैर, यह तो सब मानते हैं कि अब हमें कोरोना के नए-नए वेरिएंट के साथ ही जिंदा रहना सीखना होगा। पर इसके लिए जरूरी है कि अगर हमने अभी तक भी दोनों टीके नहीं लगवाए तो हम अब देर न करें। हमारे अपने देश में अभी तक 65 प्रतिशत लोगों ने ही दोनों टीके लगवाए हैं। एक तिहाई जनता को एक ही टीका लगा है। बच्चों को टीके पूरे नहीं लगे। यह जान लें कि यदि टीका लग गया है तो कोरोना का वायरस कमजोर पड़ेगा। यह अफसोस की बात है कि तमाम सरकारी प्रयासों के बावजूद अब भी बहुत से लोग टीका नहीं लगवा रहे हैं। वे अब भी इसको लेकर सवला खड़े कर रहे हैं। मेरे अपने सर्किल में कुछ लोग समझाने पर भी नहीं मान रहे हैं। इस तरह के लोग अपने को खतरे में डाल रहे हैं। अब वे लोग फिर से मास्क पहन लें जो इसे उतार चुके थे। निश्चित रूप से मास्क कोरोना के नया वेरिएंट के विरूद्ध खड़ा तो होता ही है। हालांकि अभी कोरोना की चौथी लहर ने अपना असर दिखाना शुरू ही किया है, इसलिए केन्द्र तथा राज्य सरकारों को किसी भी आपातकालीन स्थिति का सामना करने के लिए अपनी तैयारी पूरी कर लेनी चाहिए। जैसे कि कोरोना रोगियों के लिए अलग से वॉर्ड तथा बिस्तरों की व्यवस्था करना,पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन सप्लाई सुनिशिचत करना तथा एम्बुलेंस सेवा को तैयार करना।

# सीसकती,तड़पती मानवता, दानवी रूस यूक्रेन युद्ध

**संजीव ठाकुर**

अब रूस, यूक्रेन युद्ध भयानक तथा क्रूरतम रूप ले चुका है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पूरी तरह अपनी सनक में आकर यूक्रेन को बबार्दी के अंतिम छोर पर पहुंचाना चाह रहे हैं। ऐसा नहीं है कि सिर्फ अड़ियल रवैया रूस ही दिखा रहा है बल्कि यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेन्सकी भी ना जाने किस घमंड और गुमान पर अड़े हुए हैं, उन्हें अपने देश के एक करोड़ से ज्यादा विस्थापित नागरिक दिखाई नहीं दे रहे हैं एवं हजारों निर्दोष नागरिकों के साथ सैनिकों की मृत्यु तथा शव भी उन्हें युद्ध रोकने के लिए बाध्य नहीं कर पा रहें है। वैसे यह तो तय है कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन यूक्रेन की आड़ में अमेरिका तथा नाटो देशों के सदस्यों को यह बताना चाह रहे हैं कि रूस अभी भी उतना ही शक्तिशाली है जितना वह उस 1990 में विघटन के पूर्व था। रूस यूक्रेन युद्ध के 50 दिन पूरे हो चुके हैं और यूक्रेन के हौसले अभी भी बुलंद दिखाई दे रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय न्यूज एजेंसियों के अनुसार कीव ,मारियोपोल, बूचा, लोहानस्क,डोनेट्स आदि शहर नर संहार के भयानक केंद्र बन चुके हैं। न्यूज एजेंसी के अनुसार यूक्रेन के मूल हथियार जो उसके पास पूर्व में थे सारे नष्ट हो चुके हैं, तमाम हवाई अड्डे नेस्तनाबूद कर दिए गए हैं, अब स्थिति यह है कि फ्रांस, इजराइल, कनाडा,न्यूजीलैंड, अमेरिका, ब्रिटेन, पोलैंड से आए हुए जहाज, टैंक और मशीन गनों के सहारे ही यूक्रेन में वर्तमान का युद्ध लडा जा रहा है। यूक्रेन के लगभग 20 से 25 हजार सैनिक और नागरिक मारे जाने की एजेंसियों द्वारा पुष्टि की गई है। और कीव ,बूचा, मारियोपोल मैं रूसी सैनिकों के साथ उनके कई सेना के अधिकारियों की मौत की भी पुष्टि की गई है। यूक्रेन के सरकारी प्रवक्ता ने बताया रूस के लगभग 15 हजार सैनिक इस युद्ध में हलाक हुए हैं।

और उनके लड़ाकू जेट ,पैटर्न टैंक, बख्तरबंद गाड़ियां तथा ड्रोन भारी मात्रा में नष्ट कर दिए गए हैं।

# खेल संदेश

## फागरनेस इंटरनेशनल शतरंज - कृष्णन शशिकिरण नें जीता खिताब

**फागरनेस , नॉर्वे।** फागरनेस इंटरनेशनल शतरंज 2022 का खिताब भारत के सबसे अनुभवी ग्रांड मास्टरों में से एक कृष्णन



शशिकिरण नें जीत लिया है । उन्होने टाईब्रेक में हमवतन आर्यन चोपड़ा को पीछे छोड़ते हुए यह खिताब हासिल किया और इसके साथ ही आने वाले शतरंज ओलंपियाड के पहले भारतीय टीम के लिए अपनी दावेदारी मजबूत कर ली है । अंतिम नौवे राउंड में शशिकिरण ने जर्मनी के ग्रांड मास्टर अलेक्ज़ेंडर डोनचेंकों को पराजित करते किया जबकि सबसे आगे चल रहे आर्यन नें नॉर्वे के ओलसन ऊर्केडल से अपना मुक़ाबला ड्रॉ खेला और ऐसे में दोनों 7 अंको पर पहुँच गए और खिताब का फैसला टाईब्रेक से हुआ जिसमें शशि को पहला तो आर्यन को दूसरा स्थान मिला। तीसरे स्थान पर नॉर्वे के ओलसन ऊर्केडल रहे । अंतिम राउंड में भारत के युवा ग्रांड मास्टर निहाल सरीन और अर्जुन एरिगासी के बीच भी मुक़ाबला ड्रॉ रहा और इसके परिणाम स्वरूप अर्जुन 6 अंक बनाकर पांचवें तो निहाल नौवे स्थान पर रहे ।

## हरियाणा 11 साल बाद बना राष्ट्रीय हॉकी चैंपियन, फाइनल में तमिलनाडु को शूटआउट में 3-1 से हराया

**चंडीगढ़।** हरियाणा ने 12वीं राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के फाइनल में तमिलनाडु को शूटआउट में 3-1 से हराकर 11 साल बाद खिताब जीत लिया। निर्धारित समय तक दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर थीं। इससे पहले हरियाणा ने 2011 में खिताब जीता था। कर्नाटक




ने तीसरे से चौथे स्थान के लिए हुए क्वालिफिकेशन मैच में महाराष्ट्र को 4-3 से हराया। दीपक ने हरियाणा को चौथे मिनट में बढ़त दिलाई थीलेकिन सरवन कुमार ने 10वें मिनट में तमिलनाडु को बराबरी दिला दी थी। शूटआउट में हरियाणा ने चार प्रयासों में तीन को भुना लिया जबकि तमिलनाडु ने पहले प्रयास में गोल करने के बाद तीन पेनाल्टी गंवा दी। हरियाणा टीम के हेड कोच संदीप सांगवान ने कहा कि पूरे टूर्नामेंट में टीम ने बढ़िया प्रदर्शन किया। हालिया वर्षों में टीम के प्रदर्शन में सुधार आया है। उन्होंने कहा कि जब 2011 में हरियाणा ने पिछली बार खिताब जीता था, तब भी वह कोचिंग टीम में शामिल थे। तब गगनदीप सिंह टीम का सबसे छोटा खिलाड़ी था और आज वह टीम का नेतृत्व कर रहा है। इस जीत से जूनियर और सब जूनियर स्तर के खिलाड़ियों को बेहतर करने की प्रेरणा मिलेगी।

## एम्मा राडुकानु की शानदार जीत, चेक गणराज्य के खिलाफ बराबरी पर ब्रिटेन

**लंदन।** यूएस ओपन चैंपियन एम्मा राडुकानु ने बिली जीन किंग (बीजेके) कप पदार्पण में जीत दर्ज करते हुए प्राग में ब्रिटेन को चेक गणराज्य की बराबरी पर ला दिया। राडुकानु ने टेरेजा मार्टिनकोवा पर 7-5, 7-5 से शानदार जीत दर्ज की, जो उनका ब्रिटेन के लिए बीजेके कप में पहला मैच था। राडुकानु पर मैच से पहले काफी दबाव था। दरअसल, उनसे पहले हैरिट डार्ट को पूर्व फ्रेंच ओपन फाइनलिस्ट मार्केटा वोंड्रोयूसोवा से शुरुआती एकल में 1-6, 0-6 से हार का सामना करना पड़ा था। अब वोंड्रोयूसोवा का सामना राडुकानु से होगा। वहीं इटली ने फ्रांस पर, कजाखस्तान ने जर्मनी पर, पोलैंड ने रोमानिया पर और स्पेन ने नीदरलैंड पर 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है।

# डेविड मिलर की अर्धशतकीय पारी के बदौलत गुजरात ने चेन्नई को 3 विकेट से हराया

**पुणे।** गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच आईपीएल 2022 का 29वां मैच पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में हार्दिक पांड्या नहीं खेल रहे और उनकी जगह राशिद खान गुजरात की कप्तानी कर रहे हैं। गुजरात ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए रुतुराज गायकवाड़ की अर्धशतकीय पारी के बदौलत 20 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 169 रन बना लिए। गुजरात की टीम ने डेविड मिलर की 94 रन की पारी के बदौलत 170 रन के लक्ष्य को 19.5 ओवर में हासिल कर लिया और 3 विकेट से मैच जीत लिया।






**चेन्नई सुपर किंग्स (पहली पारी)**

चेन्नई की शुरूआत अच्छी नहीं रही। कप्तान जडेजा को रॉबिन उथप्पा से उम्मीदें थीं लेकिन वह तीन रन बनाकर शमी की गेंद पर पगबाधा आऊट हो गए। अल्जारी जोसेफ भी पीछे नहीं रहे। उन्होंने मोईन अली को एक रन पर बोल्ड कर चेन्नई को दूसरा झटका दे दिया। इस मैच में अंबाती रायुडू ने अपने आईपीएल करियर के 4 हजार रन पूरे कर लिए। पर वह अर्धशतक बनाने से चूक गए। अल्जारी जोसेफ ने उन्हें 46 रन पर आउट करके गुजरात को तीसरी सफलता दिलाई। यश दयाल ने अर्धशतक लगाने वाले रुतुराज गायकवाड़ को आउट करके गुजरात को चौथी सफलता दिलाई। रुतुराज ने 48 गेंदों पर 5 चौके और 5 छक्के की मदद से 73 रन की पारी खेली। आखिरी ओवर में शिवम दुबे दूसरा रन लेने के चक्कर में अपना विकेट गंवा बैठे। दुबे ने 17 गेंदों पर 19 रन की पारी खेली। वहीं चेन्नई के कप्तान जडेजा ने 12 गेंदों पर 2 छक्के की मदद से नाबाद 22 रन बनाए।

**गुजरात टाइटंस (दूसरी पारी)**

लक्ष्य का पीछा करने आई गुजरात टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही और शुभमन गिल के रूप में पहला विकेट गिरा। शुभमन पहली ही गेंद पर कैच आउट हो गए। इसके बाद थीक्षाना ने गुजरात को दो झटके दिए। थीक्षाना ने पहले विजय शंकर को शून्य पर पवेलियन भेजकर चेन्नई को दूसरा झटका दिया। इसके बाद उन्होंने अभिनव मनोहर को 12 रन पर आउट किया। चेन्नई के कप्तान रविंद्र जडेजा ने ऋद्धिमान साहा को 11 रन पर आउट करके टीम को चौथी सफलता दिलाई। ड्वेन ब्रावो ने राहुल तेवतिया को 6 रन पर आउट करके गुजरात की टीम को 5वां झटका दिया।

इस मैच में गुजरात की कप्तानी कर रहे राशिद खान ने 21 गेंदों पर 40 रन की तूफानी पारी खेलकर मैच को रोमांचक स्थिति में ला दिया। राशिद को ड्वेन ब्रावो ने अपना शिकार बनाया। अगली ही गेंद पर अल्जारी जोसेफ ने बड़ा शॉट मारने के चक्कर में क्रिस जोर्डन को कैच थमा बैठे। जोसेफ शून्य पर आउट होकर पवेलियन लौटे। मिलर ने 51 गेंदों पर 8 चौके और 6 छक्के की मदद से नाबाद 94 रन की मैच जिताऊ पारी खेली।

## काउंटी क्रिकेट में पुजारा ने जड़ा दोहरा शतक, ड्रॉ करवाया मैच

**डर्बी।** भारतीय टीम में वापसी की कवायद में जुटे चेतेश्वर पुजारा और कप्तान टॉम हेन्स के दोहरे शतक से ससेक्स ने इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप डिविजन 2 में फॉलोआन खेलते हुए डर्बीशर को ड्रॉ पर रोका। मौजूदा सत्र में अपना पहला मैच खेल रहे पुजारा ने 387 गेंद में 23 चौकों की मदद से नाबाद 201 रन बनाने के अलावा हेन्स (491 गेंद में 243 रन, 22 चौके) के साथ तीसरे विकेट के लिए 351 रन की साझेदारी की जिससे ससेक्स ने दूसरी पारी में तीन विकेट पर 513 रन बनाए।

पुजारा को दक्षिण अफ्रीका दौरे के बाद भारतीय टेस्ट टीम से बाहर कर दिया गया था। डर्बीशर ने पहली पारी आठ विकेट पर 505 रन बनाकर घोषित की थी जिसके जवाब में ससेक्स की टीम पहली पारी में 174 रन पर ढेर हो गई थी और उसे



फॉलोआन के लिए मजबूर होना पड़ा था।

पुजारा पहली पारी में सिर्फ छह रन बनाकर पवेलियन लौट गए थे। ससेक्स की टीम अभी काउंटी चैंपियनशिप डिविजन 2 में आठ टीम में अंतिम स्थान पर चल रही है लेकिन उसके दो मैच में 13 अंक हो गए हैं। टीम को अपने पहले मैच में नॉटिंघमशर के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा था।

## वेदांत माधवन ने डेनिश ओपन तैराकी में जीता गोल्ड

**नई दिल्ली।** अपना शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए भारत के उदीयमान तैराक वेदांत माधवन ने कोपेनहेगन में डेनिश ओपन में पुरूषों की 800 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। सोलह वर्ष के माधवन ने अपना निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 8:17.28 की टाइमिंग निकाली। उन्होंने स्थानीय तैराक अलेक्जेंडर एल ब्योर्न को 0.10 सेकंड से हराया।

वेदांत ने इस स्पर्धा में भले ही स्वर्ण जीत लिया हो लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर से यह काफी पीछे हे। टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले अमेरिका के राबर्ट फिंके ने 7:41.87 का समय निकाला था। विश्व रिकॉर्ड 7:32.12 का है। मशहूर अभिनेता आर माधवन के बेटे वेदांत ने हालांकि अपने प्रदर्शन में काफी सुधार लाया है। उनका प्रदर्शन टूर्नामेंट दर टूर्नामेंट बेहतर होता जा रहा है।

इससे पहले उन्होंने 1500 मीटर फ्रीस्टाइल में रजत पदक जीता और 200 मीटर फ्रीस्टाइल में अपना टाइमिंग दुरूस्त किया। भारत के अनुभवी तैराक साजन प्रकाश पुरूषों की 100 मीटर बटरफ्लाय ए के फाइनल में 54.24 सेकंड के साथ पांचवें स्थान पर रहे। वहीं तानिश जॉर्ज मैथ्यू सी फाइनल में 56.44 के साथ शीर्ष रहे। हीट्स के शीर्ष आठ तैराक ए फाइनल के लिए क्वालिफाई करते हैं।



अगले आठ बी में और उसके अगले आठ सी में उतरते हैं। महिला वर्ग में शक्ति बालाकृष्णन 200 मीटर फ्रीस्टाइल में 42 तैराकों में 34वें स्थान पर रही। भारत के इस टूर्नामेंट में अब तक दो स्वर्ण और एक रजत पदक हैं।

## उमरान मलिक की गेंदबाजी पर भुवनेश्वर कुमार ने दिया यह बड़ा बयान

**नवी मुंबई।** सनराइजर्स हैदराबाद के अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने युवा तेज गेंदबाज उमरान मलिक की प्रशंसा करते हुए रविवार को कहा कि उन्हें तेज गेंदबाजी करते हुए देखना खुशी की बात है। भुवनेश्वर (22 रन देकर 3) और उमरान (28 रन देकर 4) की घातक गेंदबाजी से सनराइजर्स ने पंजाब किंग्स को आईपीएल मैच में 151 रन पर समेट दिया, जिसके बाद उनकी टीम ने सात विकेट से जीत दर्ज की।

भारतीय तेज गेंदबाज भुवनेश्वर ने उमरान के बारे में पूछे जाने पर हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि उसकी तेज गेंदबाजी का मतलब है कि मैं निशाने पर हूं क्योंकि बल्लेबाज सोचते हैं कि मैं धीमी गति से गेंद करता हूं। लेकिन



उसे तेजी से गेंदबाजी करते और विकेट हासिल करते हुए देखना खुशी की बात है। भुवनेश्वर ने तीसरे ओवर में अनुभवी शिखर धवन को आउट करके सनराइजर्स को शानदार शुरुआत दिलाई।

उन्होंने कहा कि स्विंग नहीं मिल रही थी, इसलिए मैंने लेंथ पर ध्यान दिया। शिखर के खिलाफ यह मेरी रणनीति थी। मैं जानता था कि वह बाउंड्री लगाने के लिए आगे आकर शॉट लगाएगा। मैं बल्लेबाज की कमजोरी के अनुसार या मैदान के हिसाब से गेंदबाजी करता हूं। मैं विकेट और अपने कौशल पर ध्यान देता हूं।

## गोलकीपर जैक स्टेफेन की गलती से लिवरपूल ने मैनचेस्टर सिटी को हराया

**लंदन।** अमरीकी गोलकीपर जैक स्टेफेन की गलती का फायदा उठाते हुए लिवरपूल ने एफए कप सेमीफाइनल में मैनचेस्टर सिटी को 3-2 से शिकस्त दी। मैनचेस्टर सिटी की टीम वेम्बले स्टेडियम में 0-1 से पिछड़ रही थी लेकिन स्टेफेन लिवरपूल के सादियो माने को गोल करने से नहीं रोक सके। लिवरपूल के लिए इब्राहिमा कोनाटे ने नौवें मिनट में जबकि सादियो माने ने 17वें और 45वें मिनट में 2 गोल किए। इससे लिवरपूल 3-0 से बढ़त बनाए थी। मैनचेस्टर सिटी के लिए जैक ग्रीलिश ने 47वें और बेरनार्डो सिल्वा ने 90+1वें मिनट में गोल किया।

गेरार्ड मोरेनो के एक गोल और एक गोल करने में मदद करके विलारियाल को स्पेनिश फुटबॉल लीग में गेटाफे पर 2-1 से जीत दिलायी। हालांकि इसके बाद विलारियाल का यह स्ट्राइकर चोटिल हो गया। इस सत्र में चोटों से जूझने के बावजूद गेरार्ड विलारियाल के अहम खिलाड़ी बने हुए हैं। स्पेनिश स्ट्राइकर गेरार्ड ने 7वें मिनट में विलारियाल को बढ़त दिलाई और फिर 16वें मिनट में मैनुअल ट्रिगुरोस को पास देकर गोल करने में मदद की। गेटाफे के लिए एकमात्र गोल एनेस उनाल ने 63वें मिनट में किया।

## अंबाती रायुडू ने पार किया जादुई आंकड़ा, आईपीएल में ऐसा करने वाले 10वें भारतीय क्रिकेटर बने

**पुणे ।** चार बार की आईपीएल चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाड़ी अंबाती रायुडू की गुजरात टाइटंस के खिलाफ रविवार रात यहां एमसीए स्टेडियम में 46 रनों की पारी बेकार गई। हालांकि दाएं हाथ के बल्लेबाज ने रोमांचक मैच में 4,000 आईपीएल रन का जादुई आंकड़ा पार कर लिया है। यह 36 वर्षीय क्रिकेटर आईपीएल में यह उपलब्धि हासिल करने वाले 10वें भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं।

रायुडू ने 55 एकदिवसीय मैच खेले हैं और उनका औसत 47.05 का है, उन्हें 2018 में सुपर किंग्स द्वारा चुना गया था और उन्हें एक बार फिर आईपीएल 2022 से पहले टीम द्वारा चुना गया था। उन्होंने सुपर किंग्स के लिए 127.88 की स्ट्राइक रेट से



1,628 रन बनाए हैं। रायुडू ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 31 गेंदों में 46 रन बनाए। सुरेश रैना (5529) और पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी इस उपलब्धि को हासिल करने वाले दो अन्य सुपर किंग्स के खिलाड़ी हैं।


डेविड मिलर (51 में से 94) और राशिद खान की नाबाद पारी ने गुजरात टाइटंस को सीएसके पर तीन विकेट से यादगार जीत दिलाई।

इस जीत के साथ गुजरात 6 मैचों में 5 जीत के साथ 10 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया, जबकि सीएसके 6 मैचों में अपनी पांचवीं हार से पिछड़ गई।

सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ ने शानदार अर्धशतक (48 रन पर 73) के साथ रन-स्कोरिंग में वापसी की और सीएसके को 20 ओवरों में 169/5 का स्कोर बनाने में मदद की। गायकवाड़ के अलावा रायुडू ने जोरदार पारी खेली और दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 56 गेंदों में 92 रन की अहम साझेदारी की।

## एटीपी मास्टर्स 1000: सैलिसबेरी-राजीव ने जीता मोंटे कार्लो मास्टर्स टूर्नामेंट, छठी वरीयता जोड़ी को दी शिकस्त

**नवी मुंबई।** दुनिया की शीर्ष युगल जोड़ी जो सैलिसबेरी और राजीव राम ने यहां रोलेक्स मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस के फाइनल में छठी वरीय प्राप्त खिलाड़ी जुआन सेबिस्टयन काबाल और राबर्ट फराह की जोड़ी को हराकर खिताब पर कब्जा किया। अमेरिका-ब्रिटिश जोड़ी ने कोलंबियाई जोड़ी के साथ 1 घंटे 38 मिनट तक चले मुकाबले में 6-4, 3-6, 10-7 से जीत दर्ज की। ब्रिटिश खिलाड़ी सैलिसबेरी ने राम के साथ दूसरी बार एटीपी मास्टर्स 1000 का ताज हासिल किया। इससे पहले पिछले साल टोरंटो में अपना पहला मास्टर्स 1000 खिताब जीता था। दो बार के मास्टर्स 1000 चैंपियंस कोलंबियाई खिलाड़ी ने अपने से उच्च रैंक वाले विरोधियों से पहला सेट हारने के बाद दूसरे सेट में दबाव बनाते हुए बढ़त बना ली। हालांकि, तीसरे सेट में जो और राम की जोड़ी ने शानदार खेल दिखाते हुए अंक जुटाए और तीसरा सेट अपने नाम कर



खिताब पर कब्जा किया। इस जीत से राम और सैलिसबरी का टूर-लेवल फाइनल में रिकॉर्ड 6-8 हो गया है। जोड़ी ने 2020 में ऑस्ट्रेलियन ओपन और पिछले साल यूएस ओपन में ग्रैंड स्लैम खिताब भी जीते हैं। अब वे दोनों टीमों के बीच एटीपी हेड टू हेड सीरीज में काबाल और फराह से 5-1 से आगे हैं।

ब्रिटिश खिलाड़ी जो सैलिसबेरी ने कहा कि इस क्ले कोर्ट पर एक साथ पहला खिताब है। यह एक ऐसी सतह है, जिस पर हम सोचते थे कि कमजोर हैं। हमने यहां पहले बहुत अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। लेकिन हमने कड़ी मेहनत की और यहां जीत हासिल की। यह अविश्वसनीय जीत है।

## गुजरात के कोच आशीष नेहरा का डांस वायरल, भज्जी ने कहा- अंक तालिका में टॉप पर पहुंचने की खुशी

**पुणे ।** आईपीएल 2022 में गुजरात की टीम शानदार लय में दिख रही है। छह में से पांच मैच जीतकर यह टीम अंक तालिका में पहले पायदान पर बनी हुई है। टीम के कप्तान हार्दिक पांड्या भी शानदार लय में हैं। गेंद और बल्ले दोनों के साथ उनका प्रदर्शन कमाल का रहा है। टीम के कोच आशीष नेहरा भी सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन से बेहद खुश हैं। इस बीच उनके डांस का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में नेहरा जी मजे में डांस करते दिख रहे हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह ने आशीष नेहरा के डांस का वीडियो शेयर करते हुए लिखा है कि यह टीम के टॉप में होने का जश्न है।

हरभजन ने नेहरा के डांस की वीडियो शेयर करते हुए लिखा 'नेहरा जी मुव्स अच्छे हैं, सिर्फ छह मैच में 10 अंक के साथ अंक तालिका में सबसे ऊपर, क्या बात है गुजरात टाइटंस।' इसके बाद सुरेश रैना ने भी आशीष नेहरा के डांस की तारीफ की है।

**कोच नेहरा की हो रही तारीफ**

गुजरात के शानदार प्रदर्शन के बाद कोच नेहरा की भी जमकर तारीफ हो रही है। मेगा ऑक्शन के बाद गुजरात की टीम को काफी कमजोर माना जा रहा था। अधिकतर क्रिकेट पंडितों ने गुजरात की बल्लेबाजी को कमजोर बताया था, लेकिन अब तक इस टीम ने कमाल का खेल दिखाया है। शुभमन गिल के अलावा कप्तान



हार्दिक ने शानदार बल्लेबाजी की है। वहीं राहुल तेवतिया और डेविड मिलर जैसे खिलाड़ी भी अपनी टीम को अहम मैच जिता चुके हैं, जबकि टीम की गेंदबाजी शानदार है। इसके बाद कोच नेहरा की जमकर तारीफ हो रही है। गुजरात के पास टी20 के स्टार खिलाड़ी भी नहीं हैं, लेकिन यह टीम कमाल कर रही है। गुजरात की सफलता का श्रेय कोच नेहरा को दिया जा रहा है। वहीं एक मैच में उन्हें डायरी में कुछ लिखते देखा गया था, जबकि आज के दौर में अधिकतर कोच लैपटॉप लेकर मैच देखने बैठते हैं और सभी चीजें लिखते हैं। इस पर एक फैन ने मजाकिया अंदाज में कहा कि डायरी पेन वाले नेहरा जी ने लैपटॉप वाले कोच को पछाड़ दिया है।

**शानदार लय में है गुजरात की टीम**

हार्दिक पांड्या की कप्तानी में गुजरात की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। गुजरात इस टूर्नामेंट की एकमात्र टीम है, जो अब तक सिर्फ एक मैच हारी है बाकी सभी टीमें कम से कम दो मैच हार चुकी हैं। गुजरात को एकमात्र हार हैदराबाद के खिलाफ मिली थी। वहीं यह टीम लखनऊ, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान और चेन्नई जैसी टीमों को मात दे चुकी है। अब तक के प्रदर्शन को देखते हुए गुजरात का प्लेऑफ में पहुंचना लगभग तय हो चुका है।

# विदेश संदेश

## पाकिस्तान ने भारत से अफगानिस्तान को गेहूं-दवा पहुंचाने की समय सीमा बढ़ाई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने युद्ध प्रभावित अफगानिस्तान को भारत द्वारा मानवीय सहायता के तौर पर 50,000 मीट्रिक टन गेहूं तथा जीवनरक्षक दवाएं अटारी-वाघा सीमा चौकी के जरिए भेजने की अवधि रविवार को दो और महीने के लिए बढ़ा दी। पाकिस्तान के




विदेश कार्यालय ने कहा कि मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए दी गयी समयावधि 21 मार्च को खत्म हो गयी और भारत सरकर ने सहायता पहुंचाए जाने की प्रक्रिया पूरी करने के लिए समयसीमा बढ़ाने का हाल में अनुरोध किया था।कार्यालय ने कहा, ''अफगानिस्तान में मानवीय संकट को दूर करने में हमारे ईमानदार प्रयासों के तहत परिवहन की प्रक्रिया पूरी करने के लिए दो महीने का समय और देने का फैसला किया गया है।' पाकिस्तान ने नवंबर 2021 में मानवीय सहायता के तौर पर 50,000 मीट्रिक टन गेहूं और जीवनक्षक दवाओं को भारत से वाघा सीमा के जरिए अफगानिस्तान तक भेजने की अनुमति दी थी।

## अमेरिकी ने किया खुफिया उपग्रह का प्रक्षेपण

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रीय टोही कार्यालय के लिए एक विशेष उपग्रह कैलिफोर्निया से प्रक्षेपित किया गया। एनआरओएल-85 उपग्रह ने दो-चरणीय स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट को लेकर वैंडेनबर्ग स्पेस फोर्स बेस से सुबह छह बजकर 13 मिनट पर उड़ान



भरी। वैंडेनबर्ग ने एक बयान में बताया कि स्पेसएक्स रॉकेट बूस्टर का पुनः उपयोग करने का एनआरओ का यह पहला मिशन है। फाल्कन के पहले चरण में एक हिस्सा लॉस एंजिलिस के उत्तर-पश्चिम में समुद्र तट पर वापस आ गया। एनआरओ ने एनआरओएल-85 उपग्रह को केवल ''अहम राष्ट्रीय सुरक्षा पेलोड' के रूप में वर्णित किया। वायु सेना ने 2019 में ऐसे तीन प्रक्षेपण के लिए स्पेसएक्स को 29.7 करोड़ डॉलर का भुगतान किया था, जिसके तहत ही यह प्रक्षेपण किया गया। ह्त्र्ह अमेरिकी उपग्रहों के विकास, निर्माण, प्रक्षेपण और रखरखाव के लिए प्रभारी सरकारी एजेंसी है, जो वरिष्ठ नीति निर्माताओं, खुफिया समुदाय और रक्षा विभाग को खुफिया डेटा प्रदान करती है।

## ब्राजील में कोरोना से संबंधित सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल समाप्त

**ब्रासीलिया।** ब्राजील में दो साल बाद कोरोना वायरस से संबंधित सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल को समाप्त कर दिया है। इसकी घोषणा स्वास्थ्य मंत्री मार्सेलो क्विरोगा ने रविवार को की। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि सरकार लगभग दो साल पहले कोविड-19 महामारी की शुरुआत में देश में घोषित सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल को हटा रही है। उन्होंने कहा, 'आज, हमारे इतिहास में सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान और महामारी के परिदृश्य में सुधार की वजह से हम राष्ट्रीय महत्व के सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल की समाप्ति की घोषणा करने में सक्षम हैं। 'ब्राजील में पिछले 24 घंटों में इस जानलेवा विषाणु की वजह से 19 लोगों की मौत हुयी। इसके बाद कोरोना से होने वाली मौतों का आंकड़ा 6,62,011 हो गया। उल्लेखनीय है कि ब्राजील ने मार्च, 2020 में कोरोना की रोकथाम के लिए आपातकाल की स्थिति घोषित की थी।

## पांचवे दिन भी जलता रहा स्वीडन : कुरान जलाने के बाद भड़की हिंसा, झड़प में अब तक 16 पुलिसकर्मी घायल

**स्वीडन।** इस्लाम की पवित्र किताब कुरान जलाने का मामला सामने आने के बाद से स्वीडन बीते चार दिनों से जल रहा है। यहां लगातार पुलिस और उपद्रवियों के बीच हिंसक झड़प की खबरें सामने आ रही हैं। रविवार को यहां सुरक्षा कर्मियों और दंगाइयों के बीच झड़प हुई और गोलीबारी में तीन लोग घायल हो गए। इसके साथ ही कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, अब तक 17 लोगों को हिरासत में लिया गया है। इससे पहले शनिवार को माल्मो



शहर में एक रैली के दौरान बस समेत कई वाहनों में आग लगा दी गई थी।

**ईरान व इराक ने जताई थी आपत्ति**

कुरान जलाने का मामला सामने आने के बाद इस्लामिक देशों ने भी इस घटना पर नाराजगी जाहिर की है। बीते दिनों ईरान और इराक में स्वीडिश राजदूतों को तलब किया गया था। इस दौरान दोनों देशों की सरकारों ने घटना की निंदा की और शांति बनाए रखने की अपील भी की थी।

**क्या है पूरा मामला**

स्वीडन में कुरान जलाने की घटना की जिम्मेदारी चरमपंथी संगठन व स्टार्म कुर्स पार्टी चलाने वाले डेनिश-स्वीडिश चरमपंथी रासमुस पालुडन ने ली थी। उनकी ओर से जारी बयान में कहा गया है कि, उन्होंने ही कुरान को जलाया है और आगे भी ऐसा किया जाता रहेगा।

**16 से ज्यादा पुलिकर्मी हुए हैं घायल** -स्वीडन में फैली हिंसा में अब तक कई लोग घायल हो चुके हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, उग्र प्रदर्शन में 16 पुलिसकर्मियों के घायल होने की खबर हैं। वहीं कई जगहों पर आगजनी की घटनाएं भी सामने आई हैं।

## द.अफ्रीका में एक और तबाही: 400 की मौत, 4000 घर तबाह, 40 हजार लोग बेघर, हर तरफ बाढ़ का कहर ही कहर

**पेरिस।** कोरोना जैसी आपदा से दक्षिण अफ्रीका उभरना शुरू ही हुआ था कि यहां एक और तबाही शुरू हो गई है। अब दक्षिण अफ्रीका बाढ़ की चपेट में है। क्वाजुलु-नताल प्रांत व डरबन में बाढ़ से मरने वालों की संख्या 443 हो गई है। करीब चार हजार घर पूरी तरह नष्ट हो चुके हैं। 40 हजार लोग बेघर हैं और 13,500 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं, इसके अलावा 58 अस्पतालों को भी नुकसान पहुंचा है। कंपनी नेटकेयर 911 के शॉन हर्बस्ट ने बताया, दुख की बात है कि अभी भी घरों से शव बरामद किए जा रहे हैं। खासकर ग्रामीण इलाकों में शव ज्यादा मिल रहे हैं।



**बुनियादी ढांचे को हुआ बहुत नुकसान**

बाढ़ ने दक्षिण अफ्रीका के कई शहरों के बुनियादी ढांचे को बहुत नुकसान पहुंचाया है। भारी बारिश के कारण यहां सड़कों, स्कूलों, बिजली, सरकारी इमारतें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। मौसम सेवा के मुताबिक, आने वाले दिनों में प्रांत के कई हिस्सों में बारिश की संभावना बनी हुई है। वहीं डरबन इमरजेंसी मेडिकल सर्विस की ओर से कहा गया है कि पहली बार बाढ़ आने के बाद जीवित बचे लोगों के मिलने की उम्मीद कम है। अब सिर्फ मानवीय सहायता पर ध्यान दिया जा रहा है। आंकड़ों के मुताबिक, बाढ़ के कारण अब तक 63 लोग लापता हैं।

**चार हजार लोगों को राहत कार्य में उतारा गया**

दक्षिण अफ्रीका के सबसे बड़े शहर डरबन में बाढ़ ने सब कुछ तबाह कर दिया है। यहां भी स्कूल, सड़कें, घरों को बहुत नुकसान हुआ है।

बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में चार हजार लोगों को राहत कार्य में लगाया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने अपने जीवन में इससे ज्यादा भयानक बाढ़ नहीं देखी है।

## तुर्की के इस्तांबुल में बड़ा धमाका, कई लोग घायल, इलाके को खाली कराया गया

**इस्तांबुल।** तुर्की के इस्तांबुल में बड़ा धमाका हुआ। इस धमाके में 10 लोगों के घायल होने की खबर आ रही है। इलाके में दहशत का माहौल है। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जा रहा है। बता दें कि



ये धमाका इस्तांबुल के बेयग्लु जिले में हुआ है। धमाका किस वजह से हुआ अभी इसका कारण पता नहीं चला है। स्थानीय लोगों के मुताबिक धमाके की आवाज लगभग एक किलोमीटर तक सुनाई दी।

## डूरंड रेखा पर आतंकी हमलों से खफा पाकिस्तान, कहा- सीमावर्ती इलाकों की सुरक्षा करे तालिबान

**इस्लामाबाद।** डूरंड रेखा पर बढ़ते आतंकी हमलों से खफा पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के तालिबान शासन से सीमा के आसपास के क्षेत्र को सुरक्षित करने और आतंकवाद में लिप्त तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने का आह्वान किया है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि पाकिस्तान की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि अफगानिस्तान की संप्रभु सरकार पाकिस्तान-अफगान सीमा क्षेत्र को सुरक्षित करने और दोनों देशों की शांति और प्रगति के हित में पाकिस्तान में आतंकवादी गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे।÷

विदेश कार्यालय के प्रवक्ता असीम इफ्तिखार ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में पाकिस्तान-अफगान सीमा पर आतंकवादी हमलों में काफी वृद्धि हुई है। इफ्तिखार ने कहा, 'आतंकवादी पाकिस्तान के अंदर गतिविधियों को अंजाम देने के लिए अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल कर रहे हैं।' प्रवक्ता ने आगे कहा कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान अपनी लंबी साझा सीमा पर प्रभावी समन्वय और सुरक्षा के लिए संस्थागत चैनलों



के माध्यम से पिछले कई महीनों से लगे हुए हैं। इफ्तिखार ने कहा, ÷दुर्भाग्य से, टीटीपी सहित सीमावर्ती क्षेत्र में प्रतिबंधित आतंकवादी समूहों के तत्वों ने पाकिस्तान की सीमा सुरक्षा चौकियों पर हमला करना जारी रखा है, जिसके परिणामस्वरूप कई पाकिस्तानी सैनिक शहीद हुए हैं।' इफ्तिखार ने कहा कि गुरुवार को उत्तरी वजीरिस्तान जिले में अफगानिस्तान से सक्रिय आतंकवादियों द्वारा पाकिस्तानी सेना के सात जवान शहीद हो गए। दूसरी ओर, तालिबान अधिकारियों ने पाकिस्तानी बलों पर शनिवार तड़के रॉकेट दागने का आरोप लगाया, जिसमें अब तक 47 लोग मारे जी चुके हैं। इससे पहले, डूरंड रेखा पर पाकिस्तानी सैनिकों और तालिबानी बलों के बीच लगातार तनाव के बीच, दोनों पक्षों के विदेश मंत्रालयों ने एक-दूसरे पर सीमा पर आक्रामक रुख दिखाने का आरोप लगाते हुए ।

## पीओके में दमन : एक्टिविस्ट का इमरान पर निशाना, अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने वालों पर लगाया देशद्रोह का केस

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के एक्टिविस्ट शब्बीर चौधरी ने पूर्ववर्ती पीएम इमरान खान पर जमकर निशाना साधा है। चौधरी ने कहा कि इलाके में पाक सरकार दमन कर रही है। जिस किसी ने भी अत्याचार के खिलाफ आवाज बुलंद की, इमरान खान ने उस पर देशद्रोह का केस दायर करा दिया।

पीओके कार्यकर्ता शब्बीर ने कहा कि जो लोग पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) या गिलगित-बाल्टिस्तान में व्याप्त मुद्दों पर आवाज उठाते हैं या अपनी चिंता व्यक्त करते हैं, उन्हें किसी और के लिए काम करने वाला एजेंट बताया जाता है। पीओके या गिलगित बाल्टिस्तान के लोगों पर पाकिस्तान सरकार जुल्म करती है।

पाकिस्तान की पंजाब विधानसभा में हुए राजनीतिक घटनाक्रम का जिक्र करते हुए चौधरी ने जोर देकर कहा कि देश शीर्ष स्तरों पर विवादों से त्रस्त है। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे पाकिस्तान की जनता भारत की तारीफ करती है। पाकिस्तानी मुस्लिमों पर तरस आता है। 2007 में भारतीय वायुसेना के



एक अधिकारी के साथ मुठभेड़ का जिक्र करते हुए चौधरी ने कहा कि पाकिस्तानी लोग ऐसे व्यवहार के हकदार नहीं हैं।

उन्हें सरकार द्वारा निशाना बनाया जा रहा है। उनका दमन किया जा रहा है। यदि मुझे किसी बात का खेद है तो वह है पाकिस्तानी मुस्लिमों की हालत का। उन्होंने कहा कि एक आदमी ने मुझसे पूछा कि, मैं कहां से हूं, मैंने कहा कश्मीर। जवाब में उसने कहा कि भारत। इससे पहले कि मैं उसे जवाब दे पाता, उसने भारत की प्रशंसा की, और जल्दी से चला गया। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे पाकिस्तानी मीडिया ने अपने चैनलों पर भारत के लिए नफरत का प्रचार किया। मस्जिद-ए-नबवी में अपने संदेश में चौधरी ने कहा कि पाकिस्तान में हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं।

## चीन में कोविड का कहर: शंघाई में तीन मरीजों की मौत, संक्रमण के रिकार्ड मामले दर्ज

**बीजिंग।** चीन के सबसे बड़े शहर एवं वैश्विक वित्तीय केंद्र शंघाई में कोविड-19 की मौजूदा लहर के दौरान सोमवार को संक्रमण के कारण तीन मरीजों की मौत दर्ज की गई। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने सोमवार को बताया कि शंघाई में रविवार को कोविड-19 से तीन मरीजों की मौत हुई। मृतकों में सभी की उम्र 89 से 91 वर्ष बताई जा रही है तथा तीनों ने ही टीके की एक भी खुराक नहीं ली थी। करीब 2.6 करोड़ की आबादी वाले शंघाई में कोरोना वायरस के ओमीक्रोन संक्रमण के 20,639 मामलों की पुष्टि हुई, जिनमें बीमारी का कोई लक्षण मौजूद नहीं था। शंघाई की स्थानीय सरकार ने शहर में उत्पादन इकाईयां फिर से शुरू करने के लिए रविवार को औद्योगिक उद्यमों के लिए जिसमें से केवल शंघाई में ही 2,417 नए मामले सामने आए। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग के मुताबिक चीन में रविवार को स्थानीय स्तर पर कोरोना वायरस



कोविड-19 संबंधी नये दिशा-निर्देश जारी किए। इस बीच, शंघाई में कई दिनों से लोगों को लॉकडाउन समेत अन्य कोविड-19 संबंधी पाबंदियों का कड़ाई से पालन करना पड़ रहा है। शंघाई में तीन बार व्यापक स्तर पर लोगों की जांच की जा चुकी है। सामुदायिक स्तर पर बनाए गए पृथकवास केंद्रों में रह रहे लोगों को भयावह परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। बेबेई (30) नामक एक महिला ने अपने अनुभवों के बारे में बताया कि उन्हें एक ऊंची छत वाले केंद्र में रखा गया है जहां चारपाइयों की कतारें हैं और हज़ारों अजनबियों की मौजूदगी में उन्हें एक ही छत के नीचे सोना पड़ता है।

बेबेई का कहना है कि लाइटें 24 घंटे जली रहती हैं और नहाने के लिए गर्म पानी भी बड़ी मुश्किल से उपलब्ध हो पाता है। बेबेई का कहना है कि पृथकवास केंद्र में साफ-सफाई का स्तर भी बहुत खराब है और अन्य मूलभूत सुविधाओं की भी कमी है। कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद घर में 10 दिन पृथकवास में बिताने के बाद पिछले मंगलवार को बेबेई और उनके पति को शंघाई में राष्ट्रीय प्रदर्शनी और सम्मेलन केंद्र में बने पृथकवास केंद्र में जाने का आदेश दिया गया था। चीन के सरकारी पृथकवास केंद्रों में रह रहे कई अन्य लोगों ने भी इसी तरह के अनुभव साझा किए हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
211019 से प्रकाशित
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम्
योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग
आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506

## रूस-यूक्रेन जंग अपडेट्स : रूस ने लवीव शहर में 5 मिसाइलें दागीं, 6 लोगों की मौत

**व/मॉस्को।** रूस-यूक्रेन जंग को 50 दिन से ज्यादा हो गए हैं। रूसी सैनिकों ने यूक्रेनी शहरों पर हमले तेज कर दिए हैं। ताजा अपडेट के मुताबिक, लवीव शहर में रूस ने 5 शक्तिशाली और घातक मिसाइलें दागी हैं। जिसमें कम से कम 6 लोगों की मौत हो गई है और 8 लोग घायल हुए हैं। वहीं, राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि रूस पूर्वी डोनबास इलाके को पूरी तरह से तबाह करना चाहता है। इधर, खार्किव शहर में गोलाबारी में पांच लोगों के मारे जाने और 13 घायल होने की सूचना मिली है। माइकोलाइव में ओडेसा पोर्ट के पास लगातार रॉकेट हमले किए जा रहे हैं।

रूसी हमले के लगभग डेढ़ महीने के बाद यूक्रेन के शहरों में हालात बदलने लगे हैं। यूक्रेनी देश लौट रहे हैं। यूएन ऑफिस फॉर द कॉर्डिनेशन ऑफ ह्यूमैनिटेरियन अफेयर्स के मुताबिक, रोज 30 हजार से ज्यादा लोग यूक्रेन लौट रहे हैं। ये शरणार्थी अब तक पश्चिम यूक्रेन और पड़ोसी देशों में रह रहे थे। यूक्रेन की वयस्क पुरुषों के देश छोड़ने पर रोक के



कारण लौटने वालों में अधिकतर महिला और बच्चे हैं। हालांकि, रूसी सेना अभी मुख्य रूप से राजधानी कीव और आसपास के कस्बों से लौट रही है। इसलिए सबसे ज्यादा यूक्रेनी अभी कीव ही लौट रहे हैं। मारियुपोल के मेयर के एक सलाहकार का कहना है कि रूसी सैनिक शहर में रहने वालों को मूवमेंट पास जारी कर रहे हैं। पेट्रो एंड्रीशचेंको ने रविवार को टेलीग्राम से आरोप लगाया। उन्होंने लिखा है कि नागरिकों को पास पाने के लिए लाइन में खड़ा होना पड़ता है, जिसके बिना अगले सप्ताह न केवल शहर के जिलों के बीच जाना असंभव होगा, बल्कि सड़कों पर जाना भी असंभव होगा।

यूक्रेन में रूस के हमले के बाद सड़क पर खाना बनाता एक स्थानीय निवासी।

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने दिए इंटरव्यू में कहा- फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को यूक्रेन का दौरा करना चाहिए ताकि वो यह महसूस कर सकें रूसी सेना किस तरह उनके लोगों का नरसंहार किया था। मैक्रों ने कुछ वक्त पहले रूसी हमले को नरसंहार कहने से इनकार कर दिया था।

यूक्रेनी सेना की ने दावा किया है कि जंग में रूस ने अपने 20,300 सैनिकों को खोया है। इसके अलावा अब तक रूसी सेना को बहुत नुकसान हुआ है। वहीं, रूस ने कीव के पास एक यूक्रेनी मिलिट्री फैक्टरी को तबाह कर दिया है। यहां पढ़ें डिटेल खबर

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने दुनिया को रूस के परमाणु हमले को लेकर आगाह किया है। उन्होंने कहा कि दुनिया को रूसी परमाणु हथियारों के संभावित इस्तेमाल के लिए तैयार करने की जरूरत है।

## पाक के पूर्व मंत्री की चेतावनी- गृह युद्ध की ओर बढ़ रहा पाकिस्तान, नहीं रुकेगा नागरिकों का रोष

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के एक वरिष्ठ नेता ने आगाह किया कि मुल्क नागरिक अशांति की ओर बढ़ रहा है। पूर्व सूचना मंत्री फवाद चौधरी ने पंजाब विधानसभा में झड़प पर प्रतिक्रिया देते हुए शनिवार को यह टिप्पणी हुई। पंजाब विधानसभा में गुस्साएं विधायकों ने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों से मारपीट की थी। उग्र सदस्यों को काबू में करने के लिए पुलिस बुलायी गयी। ये सदस्य कार्यवाहक अध्यक्ष दोस्त मुहम्मद मजारी को प्रांत के नए मुख्यमंत्री का चुनाव करने के लिए मतदान कराने से रोक रहे थे। फवाद ने ट्वीट किया, ''हम पूरी तरह नागरिक अशांति से कुछ इंच दूर हैं, इमरान खान ने जल्द ही बहुत अधिक संयम बरता है, यहां तक कि वह भी इस गुस्साई भीड़ को रोक नहीं पाएंगे और हम देश को नागरिक अशांति की ओर बढ़ते देखेंगे।' पूर्व मंत्री ने यह भी कहा कि मौजूदा राजनीतिक उथल-पुथल का संबंध उच्चतम न्यायालय द्वारा बागी विधायकों की किस्मत का फैसला करने से जुड़े मामले पर निर्णय लेने में ''नाकामी' से है। पार्टी के एक अन्य नेता जुल्फी बुखारी ने कहा, ''ये महज कुछ एमपीए (प्रांतीय विधानसभा के सदस्य) हैं, कल्पना कीजिए अगर अवाम काबू से बाहर हो जाती है और मामले को अपने हाथों में ले लेती है...इस नागरिक अशांति को शांत करने का एकमात्र हल चुनाव है। लोगों को अपने भाग्य का फैसला खुद करने दीजिए।